RNI No. UPHIN/2021/A2019



# दैनिक सिद्धि सरकार



वर्ष :5 | अंक:280 | WWW.Siddhisarkar.com | ललितपुर 27 जून शनिवार 2026 | पृष्ठ:12 मूल्य :3 रुपये

## पिता से मिले CM फडणवीस, कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्जवल निकम लड़ेंगे केस

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यह बहुत ही चौंकाने वाली घटना है, सोच से भी परे है. यह ऐसी घटना है जो हमें एक समाज के तौर पर, गंभीरता से सोचने पर मजबूर करती है. पढ़े-लिखे और अच्छे परिवारों के बच्चे ऐसी बुरी और नुकसान पहुंचाने वाली सोच क्यों अपना लेते हैं? इस सोच के पीछे क्या कारण हैं? हमें इस बारे में गहराई से सोचने की ज़रूरत है.

सीएम ने कहा, %%असल में, इस मामले को सिर्फ एक अपराध के तौर पर नहीं बल्कि समाज के नजरिए से भी देखना चाहिए. समाज को सोचना चाहिए कि कैसा माहौल और व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि इतनी कम उम्र में बच्चों में ऐसे क्रूर और बदले की भावना वाले विचार न आएं. यह घटना सच में बहुत चौंकाने वाली है.÷सीएम फडणवीस ने केतन अग्रवाल के पिता से की मुलाकात-महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केतन अग्रवाल के पिता विशाल अग्रवाल ने मुलाक़ात की. मुख्यमंत्री ने इस मामले को फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने का आश्वासन दिया. इस मामले में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्वल निकम को सरकार का पक्ष रखने के लिए अपॉइंट करने को कहा गया है. कसाब को फांसी दिलाने में उज्जवल निकम ने अहम भूमिका निभाई थी.



सिया के भाई साहिल से भी पूछताछ-लोनावाला ग्रामीण पुलिस के प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश तायड़े ने एबीपी न्यूज़ को बताया, %%हमें यह समझना है कि केतन अग्रवाल की हत्या करने के बाद सिया ने घर पर किसी को कुछ बताया? उसका हाव भाव कैसा था? तमाम चीज़ों को समझने के लिए सिया के भाई साहिल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

पुलिस ने 8-10 लोगों के दर्ज किए बयान-पुलिस कई घंटों से साहिल से पूछताछ कर रही है. पुलिस ने इस मामले में 8 से 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं. पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक टीम पता लगाने में जुटी है कि ऊपर से नीचे गिरते समय कहां-कहां टकराया होगा, वो सब समझने के लिए हमारी फॉरेंसिक टीम समय-समय पर वहां जा रही है.

## रामलला की मूर्ति बनाने वाले योगीराज चंदा चोरी से हुए हैरान,

अयोध्या के भव्य मंदिर के लिए रामलला की मूर्ति बनाने वाले मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज, मंदिर कर्मचारियों द्वारा दान की चोरी की खबरों से स्तब्ध और हैरान हैं, जो देश-विदेश के भक्तों से करोड़ों रुपए नगद और गहने इकट्ठा करते और उनका प्रबंधन करते थे. हालांकि जाने-माने मूर्तिकार ने मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों, खासकर इसके महासचिव चंपत राय का समर्थन किया और उन्हें सादगी और ईमानदारी का प्रतीक बताया.

चौंकाने वाली है ये चोरी-अरुण योगीराज अरुण योगीराज ने कहा कि राम मंदिर में दान के गबन से जुड़ी घटनाओं को देखना उनके लिए बहुत दुखद है. उन्होंने कहा, ÷भगवान राम के एक भक्त के रूप में मुझे यह बहुत दुखद लगता है, क्योंकि दुनियाभर के भक्त अपनी मेहनत की कमाई आस्था, प्रेम और भक्ति के साथ मंदिर को दान करते हैं, यह मानते हुए कि वे रामलला के लिए चढ़ावा चढ़ा रहे हैं.÷ उन्होंने कहा कि यह चोरी भगवान राम के करोड़ों भक्तों के लिए बेहद चौंकाने वाली है और इससे वे मंदिर के ट्रस्टियों पर अपनी आस्था के बारे में फिर से सोचने पर मजबूर हो सकते हैं.

दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो-योगीराज उन्होंने मंदिर के पैसे की चोरी करने और मंदिर को बदनाम करने की साजिश रचने वाले सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, हालांकि उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों, खासकर चंपत राय के बारे में अच्छी बातें कहीं. योगीराज ने कहा, मैं काफी समय से लगभग आठ से नौ महीनों से ट्रस्ट से जुड़ा हुआ हूं. मैं चंपत राय और ट्रस्ट के अन्य सदस्यों को जानता हूं. मेरे लिए वे सादगी, कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रतीक हैं.



उन्होंने कहा, ÷चंपत राय ने अपने कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही का उच्चतम स्तर बनाए रखा और पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ है, उस पर विश्वास करना मुश्किल है.÷ अरुण योगीराज और उनकी टीम ने अयोध्या में लगभग सात से आठ महीने बिताए और रामलला की मूर्ति को बनाने में अथक परिश्रम किया, जिसमें दिव्यता और बच्चों जैसी मासूमियत का बेहतरीन संतुलन दिखाई देता है.

चंपत राय को लेकर क्या बोले योगीराज -उन्होंने कहा कि यह विश्वास करना मुश्किल है कि ट्रस्ट की देखरेख में मंदिर में ऐसी अनियमितताएं हुईं, फिर भी उन्होंने एसआईटी जांच शुरू करने में ट्रस्ट की सक्रिय भूमिका का उल्लेख किया. योगीराज ने कहा, ÷चंपत राय ही थे जिन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संपर्क करके चढ़ावे की रकम में हुई गड़बड़ी की जांच शुरू करने को कहा था.÷ उन्होंने यह बात नैतिक आधार पर अपने और दूसरे ट्रस्टियों के इस्तीफे की खबरों के संदर्भ में कही.

कुछ शरारती तत्वों ने मौके का फायदा उठाया- योगीराजमूर्तिकार ने मंदिर ट्रस्ट के साथ अपने पुराने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सदस्यों को ईमानदारी और सच्चाई से काम करते देखा है और वे सभी को भरोसे में लेकर ही कोई फैसला लेते थे. उन्होंने दान के गबन के दोषियों के खिलाफ जल्द और मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए कहा, ÷समय के साथ और मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या में भारी बढ़ोतरी के कारण, कुछ शरारती तत्वों ने इस मौके का फायदा उठाया

## सड़क पर वॉयलिन बजाकर सिर्फ 100 रुपए कमाता है 80 साल का बुजुर्ग, अब आनंद महिंद्रा करेंगे मदद, शेयर किया वीडियो

देश के जाने-माने उद्योगपति और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने एक बार फिर अपनी दरियादिली दिखाई है. कोलकाता की सड़कों पर वायलिन बजाकर अपना और अपने परिवार का गुजरा करने वाले 80 साल के भगवान मलिक की संघर्ष भरी कहानी सोशल मीडिया पर आने के बाद आनंद महिंद्रा ने 80 साल के गरीब बुजुर्ग के हुनर की तारीफ कर मदद के लिए हाथ बढ़ाया है.

शोहरत के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार का पेट भरने के लिए रोजाना कई घंटों तक स?क किनारे वायलिन बजाने वाले इस बुजुर्ग कलाकार का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है. उनकी मेहनत और खासकर उम्र को देखकर लोग भावुक हो रहे हैं.

पिता से मिली कला बनी जिंदगी का सहारा-बताया जा रहा है कि भगवान मलिक को वायलिन बजाने का हुनर अपने पिता से मिली थी, जो आज उनकी रोजी-रोटी का जरिया बन गई.




बचपन में माता-पिता का साथ छूटने के बाद उन्होंने अपने पिता के इस हुनर को अपनी जिंदगी में शामिल कर लिया.

भगवान मालिक कई दशकों से कोलकाता की सड़कों पर वायलिन बजाते आ रहे हैं. बढ़ती उम्र और कमजोर होती आंखों के बावजूद उनका संगीत के प्रति जुनून कम नहीं हुआ. हालांकि, उनका वायलिन भी बिल्कुल खराब हो चुका है. इसके बाद भी वह रोजाना शाम 5 बजे से 11 बजे रात तक न्यू टाउन बस स्टैंड, डीएलएफ सबवे और न्यू टाउन आर्ट स्ट्रीट के आसपास वहीं 40 साल पुरानी टूटी हुई वायलिन बजाते हैं. रोज इतनी मेहनत करने के बावजूद भी वह मुश्किल से 100 रुपये कमा पाते हैं.

वायरल वीडियो ने जगाई नई उम्मीद-भगवान मलिक कि यह वीडियो जब आनंद महिंद्रा के पास पहुंची तो उन्होंने इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर किया. साथ ही उन्होंने कलाकार की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनकी मदद करना चाहते हैं, लेकिन वीडियो में उनकी संपर्क जानकारी मौजूद नहीं है. इसके बाद लोगों ने भगवान मालिक की जानकारी शेयर की, जिससे उनकी मदद करने का रास्ता आसान हुआ.

इसके बाद लोगों ने उनकी जानकारी साझा की, जिससे मदद पहुंचाने का रास्ता साफ हुआ. बाद में बताया गया कि लोगों के सहयोग से भगवान मलिक के लिए करीब 1 लाख रुपये जुटाए गए और उन्हें नया वायलिन भी दिया गया. बाद में आराधना चटर्जी ने बताया कि लोगों के मदद से भगवन मलिक के लिए 1 लाख रुपये जुटाए गए और उन्हें एक नया वायलिन भी भेंट किया गया.

## सोने की कीमत पर बड़ी भविष्यवाणी- 36% का आएगा बंपर उछाल! 2 लाख तक चढ़ सकता है भाव

### ब्रोकरेज को क्यों इतना भरोसा?

सोना इस साल जनवरी के महीने में अपने ऑल-टाइम हाई (5589 डॉलर) से अब तक करीब 28त्न तक टूट चुका है. हालांकि, बावजूद इसके सोने की रिकवरी पर यूबीएस को पूरा भरोसा है. यूबीएस को कीमत में उछाल का इतना भरोसा इसलिए है क्योंकि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक-खासतौर पर चीन और उज्बेकिस्तान, अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए लगातार सोना खरीद रहे हैं. अगर 750-1000 मीट्रिक टन सोने की खरीद का यही सिलसिला जारी रहा, तो कीमतों को निचले स्तर पर सपोर्ट मिलेगा.




यूबीएस का यह भी मानना है कि भले ही अभी अमेरिकी फेड रिजर्व ब्याज दरों को लेकर कड़ा रुख अपनाए हुए हैं, लेकिन आर्थिक विकास की रफ्तार जैसे ही धीम पड़ेगी फेड रिजर्व को ब्याज दरों में कटौती करनी ही पड़ेगी. इससे सोने की कीमतें फिर से रफ्तार पकड़ेगी. यूबीएस का मानना है कि कीमत में हालिया गिरावट के चलते गोल्ड ETF से आउटफ्लो जरूर हुआ है, लेकिन कीमतों के निचले स्तर पर आते ही हो सकता है कि संस्थागत निवेशक बड़े पैमाने पर खरीदारी शुरू कर दे. इससे मांग बढ़ेगी और कीमतों में तेजी आएगी.

प्रति 10 ग्राम कितनी बढ़ जाएगी कीमत?यूबीएस के 36% बढ़ोतरी के हिसाब से कीमत अगले छह महीनों में 10 ग्राम सोना (1 तोला) सोने की कीमत लगभग 51500-52000 रुपये तक बढ़ जाएगी. अभी सोने की औसत कीमत प्रति 10 ग्राम 1,44,000 है. यानी कि अगले छह महीनों में कीमत 1,95,840 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है. यानी कि सोना अगले छह महीनों में 2,000,00 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है.






## नेहरू नगर में स्कूटी से जा रहे युवक के साथ विपक्षियों ने गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

### पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित श्यामा मैरिज गार्डन के पास स्कूटी से जा रहे युवक के साथ मोहल्ले के ही विपक्षियों ने गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल तोड़ दिया। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

शहर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी छोटू यादव पुत्र स्वर्गीय आसाराम यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 22 जून 2026 को रात्रि करीब 10ः00 बजे अपनी स्कूटी पर मोहल्ले में ही जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला बिपक्षी मल्लू कुशवाहा अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ आया और उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर बिरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम लात घुसो लाठी डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बिपक्षियों की मारपीट में उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान आए हैं। इस दौरान विपक्षियों ने उसकी जेब में रखें मोबाइल को भी छीन लिया और तोड़फोड़ कर उसका नुकसान कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र आधार पर आरोपी विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3), 324(4) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## जमीनी विवाद में खेत जोतने से मना करने पर गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर बिपक्षी पिता पुत्र और उसके भाई पर मामला दर्ज

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वस्त्रावन में एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के दौरान खेत जोत से जोतना से मना करने पर विपक्षियों ने ग्रामीण व उसके पुत्र के साथ गाली गलौज पर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम वस्त्रावन निवासी कपूर चंद्र पुत्र जानकी प्रसाद साहू ने थाना बार को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका आपसी पारिवारिक जमीनी विवाद उसके ही परिवार के राधेश्याम, मोहन आदि से चल रहा है, जिस कारण वह रंजिश रखते हैं। बताया गया है कि इसी पारिवारिक रंजिश के कारण दिनांक 24 जून 2026 को दोपहर करीब 1ः30 बजे उसकी और विपक्षी राधेश्याम के बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद राधेश्याम पुत्र चतरे ने अपने भाई मोहन अपने पुत्र अभिषेक के साथ उसका खेत जोत लिया। इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो विपक्षियों ने उसके पुत्र विशाल के साथ जमकर गाली गलौज की। जब वह अपने पुत्र के बचाव में आया, तो विपक्षियों ने उसकी और उसके पुत्र के साथ सरे आम लात घुसो लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना बार पुलिस में मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## विवाद के दौरान महिला के साथ गाली बलोच पर कुल्हाड़ी से हमला कर धमकी देने का आरोप

### महिला की शिकायत पर दो विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंजारा में किसी बात को लेकर एक महिला का व्यवहार मोहल्ले के ही विपक्ष में से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित से विपक्षियों ने महिला के साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की और कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। इसके साथ ही उसकी जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में महिला की शिकायत पर आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम गुंजोरा निवासी श्रीमती सरोज पत्नी ईमरत अहिरवार ने थाना सोजना पुलिस की शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 24 जून 2026 को रात्रि करीब 9ः00 उसकी कहासुनी उसके ही पड़ोस में रहने वाले सरमन पुत्र नंदू अहिरवार से हो गई थी। इस दौरान इस कहासुनी से आक्रोशित होकर बिपक्षी सरमन ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। थाना सौजना पुलिस में मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## उर्दू की फसल की बुवाई के दौरान दंपति के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

### पीड़ित महिला की शिकायत पर विपक्षी दंपति सहित के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सौरई में अपने खेत में उर्द की फसल हो रही महिला और उसके पति के साथ विपक्षियों ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्राम सोंरई निवासी श्रीमती आरती पत्नी प्रीतम रजक में थाना मड़ावरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए व्यक्ति कराया कि दिनांक 24 जून 2026 को शाम 5ः00 बजे वह अपनी परिजनों के साथ अपने खेत पर उर्द की बुवाई करने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान उसके ही गांव में रहने वाले विपक्षी प्रकाश पुत्र काशीराम, सूरज पुत्र प्रकाश रजक, श्रीमती राम कुंवर पत्नी प्रकाश, सियाबाई पत्नी निर्मल रजक आदि एक राय होकर आये और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लात घुसो और चप्पलों से उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान ड़ब उसका बीच बचाव में आए उसके पति प्रीतम पुत्र दशरथ के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना मड़ावरा पुलिस में मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(2), 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# हार्ट अटैक से लोक निर्माण विभाग जूनियर इंजीनियर की हुई मौत

### इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में किया मृतक घोषित

ललितपुर। राजकीय लोक निर्माण विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। हालांकि तबीयत बिगड़ने पर उनके परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चले इलाज के दौरान उन्हें मृतक घोषित किया गया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

समीप वर्ती जनपद झांसी के बिजोरा निवासी 55 वर्षीय नरेंद्र कुमार निरंजन पुत्र डॉ मानसिंह जनपद ललितपुर के राजकीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, जो यहां पर करीब 10 सालों से



तैनात थे। बताया गया है कि वह शहर के मवेशी बाजार में किराए के मकान में रहते थे। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह घर में ही उनकी अचानक हालत बिगड़ गई। जेई की बिगड़ी हुई हालत को देख उनकी पत्नी ने आसपास के लोगों के साथ-साथ सह कर्मचारियों को बुलाया और तत्काल उन्हें घर से उठाकर इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मेडिकल कॉलेज में करीब आधे घंटे तक उनका इलाज चलता रहा और उसके बाद उनकी मौत हो गई। डाक्टरी परीक्षण के दौरान जेई को डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि मृतक के दो पुत्र हैं और बाहर रहकर नौकरी करते हैं, जिन्हें इस घटना की सूचना दी गई।

# हाईवे पर सेब लेड़र जा रहा ट्रक ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में पलट कर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

### हाईवे पर चल रहे मरम्मतीकरण के कार्य के दौरान मार्ग परिवर्तित कर वन बे करने से हुआ हादसा





ललितपुर। झांसी नेशनल हाईवे पर थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बाँसी के पास सेव लदा ट्रक अचानक उस समय अनियंत्रित होकर पलट गया, जब वह वन बे पर ट्रैक्टर को बचाने का प्रयास करने लगा। सड़क किनारे ट्रक के पलटने से सड़क में ट्रक में लदा हुआ सेव माल सड़क पर गिर कर खराब हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार झांसी नेशनल हाईवे 44 पर कस्बा बाँसी के पास हाईवे की मरम्मतीकरण का कार्य चल रहा है। जिस कारण यातायात को डायवर्ट किया गया है और एक ही मार्ग से दोनों तरफ के आने जाने वाले वाहनों को निकाला जा रहा है। बताया गया है कि रविवार की दोपहर बाँसी के पास इसी डायवर्सन के कारण एक ही मार्ग से चल रहे यातायात के दौरान सेब लेकर ट्रक क्रमांक आरजे 11 ड़ीडी 2668 तेज गति से झांसी की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में ड्राइवर संतुलन खो बैठा और ट्रक उसके नियंत्रण से बाहर हो गया। तेज गति से भागता हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और उसमें भरे हुए सेब पूरी सड़क और आसपास के इलाके में बिखर गए। इस हादसे में चालक एवं परिचालकों को मामूली चोटे आई हैं।ट्रक में लदे माल की पेटिया ट्रक पलटते ही ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। इस दौरान हाइवे पर जाम लग गया जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 एवं पुलिस चौकी बाँसी की पुलिस मौके पर पहुंची जिसे सड़क को साफ कर कर यातायात सुचारु कराया।

# इंजेक्शन लगने के बाद डेढ़ वर्षीय मासूम की हुई मौत से परिबार में कोहराम





### परिजनों ने निजी चिकित्सक पर लगाए इलाज मे लापरवही बरतने के गंभीर आरोप

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में इलाज कराने आई एक डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे की डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई जिसको लेकर परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिरोन शनि अपने छोटे पुत्र आशिक पुत्र शनि की तबीयत खराब होने के कारण उसे कस्बा मड़ावरा में एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए आया था बताया गया है कि इस दौरान चिकित्सक ने उसे अपने क्लीनिक में भर्ती कर लिया और उसके बाद उसे एक इंजेक्शन दिया गया। इस दौरान बच्चों की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में इंजेक्शन लगाए जाने के बाद बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने तथा गलत उपचार करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

## कर्मचारियों की कार्यप्रणाली परखने के उद्देश्य से एसपी में महिला थाना का किया आकस्मिक निरीक्षण

ललितपुर। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्य प्रणाली और कानून व्यवस्था की नब्ज टटोलने के उद्देश्य से एसपी मोहम्मद मुश्ताक ने शुक्रवार को महिला थाने का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।






शुक्रबार को पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव एवं अद्यतन स्थिति को चेक किया गया। कार्यालय अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यावधिक पाए गए। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं आगन्तुकों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया।मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं शिकायत निस्तारण से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। सम्बन्धित कर्मचारियों को महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों का निरीक्षण कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र में साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा आवेदकों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करने एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क के अभिलेखों का निरीक्षण कर, उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### इमाम हुसैन की शहदत को याद कर मनाया गया मुहर्रम का पर्व....

# मातमी जुलूस के साथ तजियादारों ने निकाले ताजिये, मन्नतें मांगी, फातिहा पड़ा रजिस्टर्ड अखाडों ने ही किया शक्ति प्रदर्शन शीश पर रहा प्रबंधसुरक्षा के रहे तगड़े इंतजाम





### डीएम एसपी ने शहर के मार्गों का निरीक्षण के साथ कर्बला का निरीक्षण कर दिए थे दिशा निर्देश

ललितपुर। मुस्लिम धर्मगुरु इमाम हुसैन की शहादत में मुस्लिम समाज ने महात्मा त्योहार मोहर्रम बड़ी ही सिद्दत के साथ मनाया। मुहर्रम के मौके पर नगर में मातमी धुनों और गाजे-बाजे के साथ ताजिया और बुर्राक का जुलूस परंपरागत तरीके से निकाला गया। इस दौरान युवाओं ने हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के खासे इंतजाम किए गए। इस बार सिर्फ रजिस्टर्ड अखाड़ा के ही लोग शक्ति प्रदर्शन कर सकते थे, उन अखाड़ा के प्रदर्शन पर प्रशासनिक अधिकारियों ने रोक लगाई थी जिसकी सूचना कमेटी की बैठक में भी दी गई थी। मोहर्रम की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पहले से ही जुटा हुआ था और कलेक्ट सभागार में बैठक कर दिशा निर्देश भी दिए गए थे इसके साथ ही मोहर्रम के एक दिन पूर्व जिला अधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक द्वारा शहर के मार्गों का निरीक्षण करने के साथ-साथ कर्बला का भी निरीक्षण किया गया था, जहां पर रोशनी और साफ सफाइ के निर्देश दिए गए थे। इस मौके पर बड़े पैमाने पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

हजरत इमाम हसन और हुसैन की शहादत की याद में बुधवार को मुस्लिम धर्मालंबियों ने नगर में ताजिया एवं बुर्राक का मातमी जलूस निकाला। सुबह सबसे पहले शहरी इलाके के साथ कसबों और ग्रामीण इलाकों से ताजिया निकाले गए। नगर भ्रमण के बाद ताजिये वापिस अपने-अपने स्थान पर पहुंचे। शाम पांच बजे शहर के अलग-अलग इलाके सदनशाह, बड़ापुरा, गोबिंद नगर नेहरू नगर से सभी ताजिया निकल गए और घंटाघर पर एकत्रित हुए। यहाँ पर मातमी धुनों पर रजिस्टर्ड अखाड़े के युवाओं ने हुसैन की याद मे हैरतअगेज करतब दिखाते हुए मातम मनाया। ताजिये व बुर्राकों के सामने लोगों ने मन्नत मांगी व फातिहा पढा। इसके बाद रात्रि में अलग अलग रास्तों से ताजिये शहर के डोड़ाघाट पर स्थित करवला पहुंचे, जहां ताजिये दफन किये गए। मुहरर्म के इस मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी चाक चौबंद दिखाई दिए और लगातार भ्रमण करते रहे, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से कर्बला पर सुरक्षात्मक इंतजाम तो किया ही गए थे इसके साथ ही शहर की सड़कों पर ताजिया निकलते समय भी पूरी सुरक्षा का ध्यान रखा गया और विद्युत आपूर्ति भी व गइ ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घट सके।

डीएम एसपी की रही चौकन्नी नजर मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक और पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया था कि कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। पूर्व से यह त्यौहार जिस तरह मनायतें आ रहे हैं इस तरह सादगी पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा जिससे आपसी सौहार्द न बिगड़ने पाए। तो वही पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने भी सुरक्षा को लेकर स्पष्ट दशा निर्देश जारी किए थे और अपने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को भी सभी मार्गों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था को तैनात करने की दिशा निर्देश दिए थे। इस त्यौहार को संपन्न कराने में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही तो वही पुलिस कर्मचारियों ने भी अथक प्रयास कर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की इस त्यौहार को संपन्न कराने को लेकर कड़ी नजर बनी रही और वह पल-पल की गतिविधियों पर नजर रख रहे।

# आज ललितपुर शहर के जुगपुरा में संतोष झा के पुत्र मनीष झा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न





**शोक सभा का आयोजन किया गया**

वक्ताओं ने तेरहवीं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की बात कही गयी महेन्द्र झा जिलाध्यक्ष विश्वकर्मा महासभा ने कहा जहा भी समाज के युवाओं को नशा से दूर रहने की बात कही गयी शोक संवेदना में ज्योति सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष सपा शिशुपाल जी लोधी जिला महासचिव सपा कैलाश नारायण झा पिपरिया जिला अध्यक्ष झा समाज सेवा समिति रमेश झा जिलाध्यक्ष झा समाज सेवा समिति राजेश झा जिला प्रवक्ता महरौनी सीताराम झा रविशंकर झा डोंगरा खुर्द जितेन्द्र झा मनोहर झा घनश्याम झा गोकुल प्रसाद झा अरविंद झा पप्पू झा खिलान झा राहुल विश्वकर्मा बृजेंद्र झा सतेंद्र झा नरेन्द्र झा कार्यक्रम का संचालन राजेश झा जिला प्रवक्ता ने किया एवं आभार व्यक्त जितेन्द्र झा ने किया

# एड. हृदेश यादव बने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष

**प्रदेशाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव ने सौंपा दायित्व**

**संगठन को मजबूत करने और समाजहित में कार्य करने की जताई उम्मीद**



ललितपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से एड. हृदेश यादव को ललितपुर जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से तत्काल प्रभाव से किया गया। जारी मनोनयन पत्र में प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि एड. हृदेश यादव की संगठन के प्रति सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, समाज को संगठित करने तथा सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मनोनयन की सूचना मिलते ही यादव समाज एवं महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एड. हृदेश यादव को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एड. हृदेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जिले में संगठन को और अधिक मजबूत करना, समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना, युवाओं को संगठन से जोड़ना तथा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से ललितपुर में महासभा को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाया जाएगा, जिससे समाज के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके।

# पुष्पक एक्सप्रेस में महिला यात्री का बैग चोरी, मामला दर्ज

**ललितपुर स्टेशन के पास हुई वारदात**

**सोते समय सीट के नीचे रखा बैग लेकर फरार हुआ अज्ञात चोर**

ललितपुर। चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में गोमती नगर से कल्याण जा रही 12533 पुष्पक एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री का बैग चोरी हो गया। घटना ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले की बताई गई है। पीड़िता की तहरीर पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मुंबई (महाराष्ट्र) निवासी सैल मिश्रा पत्नी पंकज मिश्रा 29 मई 2026 को अपने बच्चों के साथ गोमती नगर से कल्याण के लिए पुष्पक एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं। उनका आरक्षण कोच बी-2 की सीट संख्या 7 और 8 पर था। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैंगनी रंग का बैग सीट के नीचे रख दिया था। रात में सभी यात्री सो गए। 30 मई की सुबह करीब 7 बजे, जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, उनकी आंख खुली तो सीट के नीचे रखा बैग गायब मिला। आसपास तलाश करने और सहयात्रियों से पूछताछ करने के बावजूद बैग का कोई पता नहीं चल सका। आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने यात्रियों के सोने का फायदा उठाकर बैग चोरी कर लिया। चोरी हुए बैग में 500 रुपये नकद, लगभग 3 हजार रुपये मूल्य के ड्राई फ्रूट्स (मेवे) तथा खाने-पीने का अन्य सामान रखा हुआ था। उन्होंने पुलिस को बताया कि बरामद होने पर वह अपने बैग और उसमें रखे सामान की पहचान कर सकती हैं। जीआरपी थाना ने बीएनएस की धारा 305(सी) में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर चंदेल समाज का भव्य आयोजन रामपाल सिंह बने युवा जिलाध्यक्ष

**समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक सुधार पर हुआ मंथन मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को खत्म करने का लिया संकल्प**

ललितपुर। वीरांगना महारानी दुर्गावती चंदेल बलिदान दिवस पर श्रीअमझरा सरकार की पावन भूमि स्थित चंदेल आश्रम में चंदेल समाज द्वारा भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चंदेल समाज जिलाध्यक्ष शिवकुमार चंदेल ने की। आयोजन में जिले भर से समाज के वरिष्ठजन, युवा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शुरुआत महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके शौर्य, त्याग और बलिदान को नमन करते हुए की गई। इस दौरान वक्ताओं ने महारानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से रामपाल सिंह (शिक्षक) को चंदेल समाज का युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए फूल-मालाओं से स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभा में समाज के विकास, युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित लोगों ने मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का सबसे मजबूत आधार है। संचालन रमेश कुमार आचार्य ने किया। इस अवसर पर शंकर सिंह (जिला महासचिव), मानसिंह चंदेल, अमर सिंह चंदेल सहित समाज अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



बलिदान दिवस पर मौजूद सजातीय बंधु

**महिला सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर**

# एसपी ने महिला थाने का किया औचक निरीक्षण मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं परखी

**लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शुक्रवार को महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किया। अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन पाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए उनके नियमित रख-रखाव के निर्देश दिए। इसके बाद थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आगंतुकों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया और परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर बल दिया। एसपी ने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता और शिकायत निस्तारण से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने पर जोर दिया गया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने और वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश भी दिए।



महिला थाना का निरीक्षण करते एसपी

# एएलएस एंबुलेंस की तत्परता से गंभीर घायल मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज झांसी पहुंचा

**सड़क हादसे में घायल बाबूलाल को जिला अस्पताल से रेफर होने के बाद निशुल्क मिली जीवनरक्षक एंबुलेंस सेवा**

ललितपुर। जिला अस्पताल में संचालित एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस सेवा ने एक बार फिर अपनी तत्परता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज को समय रहते मेडिकल कॉलेज झांसी पहुंचाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 60 वर्षीय बाबूलाल के सिर में गंभीर चोट लगने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। इसके बाद एएलएस एंबुलेंस ने बिना विलंब मरीज को सुरक्षित एवं समय पर मेडिकल कॉलेज झांसी पहुंचाया, जिससे उसे शीघ्र उपचार मिल सका। एएलएस एंबुलेंस में तैनात ईएमटी धीरज शर्मा ने पूरे रास्ते मरीज की चिकित्सकीय निगरानी करते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी में भर्ती कराने की प्रक्रिया भी पूरी कराई। इस दौरान एंबुलेंस के पायलट सुरेंद्र सिंह ने सुरक्षित एवं त्वरित परिवहन सुनिश्चित किया। गौरतलब है कि जिला अस्पताल ललितपुर में संचालित एएलएस एंबुलेंस सेवा मेड केयर 365 द्वारा संचालित की जा रही है। यह सेवा गंभीर रूप से घायल अथवा चिकित्सकों द्वारा रेफर किए गए मरीजों को निशुल्क हायर सेंटर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है।




एम्बुलेंस के पास मौजूद कर्मचारी

**बालाबेहट पुलिस ने खोया मोबाइल बरामद कर स्वामी को लौटाया**

# सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी विश्लेषण की मदद से 11,500 रुपये कीमत का मोबाइल बरामद

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद की बालाबेहट थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं बालाबेहट पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की सराहना की। पुलिस के अनुसार, थाना बालाबेहट पर गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल का विवरण भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड किया गया। विभिन्न तकनीकी माध्यमों से प्राप्त जानकारी एवं विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने लगभग 11,500 रुपये कीमत का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर नियमानुसार उसके स्वामी को सौंप दिया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार पाल के नेतृत्व में बालाबेहट थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यशैली की प्रशंसा की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल यूपी कॉप ऐप अथवा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं और निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें, जिससे समय रहते मोबाइल की बरामदगी की जा सके।



# कंपनी परिसर से मशीनरी पार्ट्स चोरी करते युवक रंगे हाथ पकड़ा गया

**चौकीदार की सतर्कता से नाकाम हुई चोरी**

**दो बोरियों में भरे मशीन के पार्ट्स बरामद, मामला दर्ज**

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के चंदेरा बाईपास स्थित एक निजी कंपनी परिसर में चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे एक युवक को चौकीदार और कर्मचारियों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी कंपनी के मशीनरी पार्ट्स दो बोरियों में भरकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आरोपी को चोरी के सामान सहित थाने ले आई और उसके खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारायण सिंह बुंदेला एण्ड कंपनी झांसी के मैनेजर आजादपुरा निवासी रामप्रकाश राठौर ने बताया कि कंपनी की शाखा चंदेरा बाईपास स्थित है। शुक्रवार की रात करीब 12.30 बजे शाखा पर तैनात चौकीदार थाना पाली के बगरिया निवासी करन कुशवाहा कुछ देर के लिए चाय पीने बाहर गया था। वापस लौटने पर उसने देखा कि एक युवक परिसर के अंदर से दो बोरियों में मशीनरी के पार्ट्स भरकर भागने का प्रयास कर रहा है। चौकीदार ने तत्काल शोर मचाया, जिस पर कंपनी में मौजूद कर्मचारी रविंद्र प्रताप सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। कर्मचारियों ने घटना की सूचना मैनेजर रामप्रकाश राठौर को दी। मौके पर पहुंचे मैनेजर ने आरोपी से पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम मोहल्ला पठापुरा/वंशीपुरा निवासी महेंद्र पुत्र पंचम बताया। इसके बाद आरोपी को चोरी किए गए दोनों बोरों में भरे मशीनरी पार्ट्स के साथ कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर आरोपी महेंद्र के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305, 317(2) के तहत एफआईआर दर्ज की।

# रास्ता रोक महिला से गाली-गलौज जान से मारने की धमकी, चार नामजद पर मुकदमा दर्ज

**पुरानी रंजिश में मकरीपुर गांव के पास हुई घटना**

**दहशत के चलते 23 दिन बाद थाने पहुंची पीड़िता**

**बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज**

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र में एक महिला और उसके पुत्र का रास्ता रोककर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर हुई बताई जा रही है। पीड़िता ने आरोपियों के डर और दबाव के कारण तत्काल शिकायत नहीं की। घटना के 23 दिन बाद थाने पहुंचकर दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नाराहट के ग्राम बनियाना निवासी कौशल्यारानी पत्नी फूलचन्द्र ने बताया कि 2 जून 2026 को शाम करीब 5 बजे वह नाराहट स्थित बैंक से काम निपटाकर अपने पुत्र रौशन के साथ टीकमगढ़ जा रही थीं। रास्ते में मकरीपुर गांव से पहले स्थित भूसा की टाल के पास गांव के ही कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि नातीराजा एवं क्षेत्रपाल राजा पुत्रगण गजेंद्र राजा तथा रानाराजा एवं नरेंद्र राजा पुत्रगण कल्लू राजा ने पुरानी मुकदमेबाजी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने मां-बेटे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। महिला का कहना है कि आरोपियों के प्रभाव और डर के कारण वह तत्काल पुलिस के पास नहीं जा सकीं। काफी समय तक दहशत में रहने के बाद उन्होंने 25 जून 2026 को थाना नाराहट पहुंचकर लिखित शिकायत दी। थाना नाराहट पुलिस ने बीएनएस की धारा 352, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# मादक पदार्थों का बढ़ता साम्राज्य और सिमटते सपने



योगेश कुमार गोयल

**अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस हमें यही संदेश देता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि सतत सामाजिक आंदोलन है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले उसकी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से मुक्त करना होगा। देश की युवा सोच पर लगा यह ग्रहण तभी हटेगा, जब सरकार, समाज, परिवार और स्वयं युवा मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे।**

*इस के दलदल में धंसती युवा पीढ़ी...*
किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के सपनों, ऊर्जा और सृजनशीलता पर निर्भर करता है लेकिन जब यही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आने लगे तो यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं रह जाती बल्कि राष्ट्रीय संकट का रूप धारण कर लेती है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों के सामने यही चुनौती खड़ी है। युवाओं की प्रतिभा, उनकी सोच, उनकी रचनात्मकता और उनके भविष्य पर नशे का ऐसा ग्रहण लग रहा है, जो न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर रहा है। इसी गंभीर चुनौती के प्रति वैश्विक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि पूरी मानवता को चेताने का अवसर है कि यदि नशे के बढ़ते दुष्चक्र को समय रहते नहीं रोका गया तो इसके परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ेंगे।

भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन के माध्यम से लिए जाने वाले नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि नशे का नेटवर्क अब समाज की हर परत तक पहुंच चुका है। आज का युवा अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाएं, पारिवारिक तनाव, मानसिक अवसाद, अकेलापन और त्वरित सफलता की चाह उसे भीतर से कमजोर बना रही है। ऐसे में नशे के सौदागर युवाओं की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार मित्रों का दबाव, आधुनिक दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या क्षणिक सुख का आकर्षण युवाओं को नशे की ओर धकेल देता है। शुरूआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन धीरे-धीरे यही जिज्ञासा लत और फिर विनाश का कारण बन जाती है।

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और



डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन परिसरों में देश के भविष्य का निर्माण होना चाहिए, वहां कुछ युवा अपने भविष्य को स्वयं नष्ट करने की राह पर बढ़ रहे हैं। आधुनिकता और स्वतंत्रता की गलत व्याख्या ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। कई युवाओं को यह भ्रम होता है कि नशा उन्हें अधिक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आधुनिक बनाता है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उसकी निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है, स्मरणशक्ति प्रभावित होती है, एकाग्रता घटती है और मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। जो युवा अपने जीवन में बड़े सपने लेकर आगे बढ़ता है, वही नशे की गिरफ्त में आकर अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को स्वयं नष्ट कर देता है। यही कारण है कि नशे को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन के विनाश की समस्या माना जाता है।

नशीले पदार्थों का सबसे घातक प्रभाव यह है कि वे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों से गुलाम बना देते हैं। एक बार लत लग जाने पर व्यक्ति उसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए लगातार अधिक मात्रा में नशा लेने लगता है। परिणामस्वरूप उसका शरीर कमजोर होने लगता है, भूख कम हो जाती है, वजन घटता है, आंखें लाल रहने लगती हैं, नींद प्रभावित होती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई मामलों में व्यक्ति आत्मघाती प्रवृत्तियों का शिकार भी हो जाता है। इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वालों के सामने खतरा और भी गंभीर होता है। एक ही सुई के बार-बार उपयोग से एचआईवी, हेपेटाइटिस और अन्य संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जाती है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन जाता है।

नशे का अवैध व्यापार दुनिया के सबसे लाभकारी अपराधों में शामिल है। अरबों-खरबों रुपये का यह कारोबार अंतर्राष्ट्रीय तस्करी, आतंकवाद, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत की भौगोलिक स्थिति इसे गोल्डन क्रेसेंट और गोल्डन ट्रायंगल जैसे नशीले पदार्थों के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण मार्ग बनाती है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाली तस्करी की खेपें भारत के लिए लगातार चुनौती बनी हुई हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ड्रग्स का यह अवैध कारोबार अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रहा है। ड्रोन, एन्क्रिप्टेड संचार माध्यम, फर्जी पहचान और डिजिटल भुगतान प्रणालियां तस्करों को नई ताकत प्रदान कर रही हैं। ऐसे में केवल पारंपरिक पुलिसिंग से इस समस्या पर नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए तकनीकी, सामाजिक और कानूनी स्तर पर व्यापक रणनीति की आवश्यकता है।

भारत में हालांकि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन को रोकने के लिए कड़े कानून मौजूद हैं लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती अभी भी बनी हुई है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस, प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों को अपने बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा। शिक्षण संस्थानों को नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने होंगे। धार्मिक और सामाजिक संगठनों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। दरअसल नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता, शिक्षा और सकारात्मक वातावरण है। यदि युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार, खेल, कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए तो वे नशे जैसे विनाशकारी रास्तों से दूर रह सकते हैं। हमें युवाओं को केवल नशे के दुष्परिणाम बताने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें जीवन का सकारात्मक उद्देश्य भी देना होगा।

अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस हमें यही संदेश देता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि सतत सामाजिक आंदोलन है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले उसकी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से मुक्त करना होगा। देश की युवा सोच पर लगा यह ग्रहण तभी हटेगा, जब सरकार, समाज, परिवार और स्वयं युवा मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के हाथों में नशे की पुड़िया नहीं, ज्ञान की पुस्तक हो; उनकी आंखों में नशे का धुंधलापन नहीं, सपनों की चमक हो; और उनकी सोच पर नशे का ग्रहण नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का उज्ज्वल प्रकाश हो। यही नशा-मुक्त भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव भी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं तथा नशे के दुष्प्रभावों पर 1993 में पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' लिख चुके हैं)

## संपादकीय

# सूखे की आहट

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कमजोर रहने की चिंताओं के बीच देश के कृषि क्षेत्र के सामने सूखे की चुनौती पैदा होने की आशंका बलवती हुई है। हाल-फिलहाल बारिश में चालीस से छियालीस प्रतिशत की कमी मापी गई है। देश के मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दो जुलाई तक मानसून की सक्रियता कम रहने के अनुमान के कारण खरीफ की फसल को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार ने कम बारिश वाले 315 जिलों में से 111 ऐसे जिलों की पहचान की है, जो सूखे की दृष्टि से ज्यादा जोखिम वाले हो सकते हैं। जो आसन्न संकट की गंभीरता को भी दर्शाता है। यह विडंबना है कि तमाम सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के बावजूद आज देश में खेती की मॉनसून की बारिश पर निर्भरता बनी हुई है। यही वजह है कि मॉनसून में देरी या कम बारिश होने का सीधा असर फसल की बुवाई, खाद्यान्न की पैदावार, ग्रामीणों की आय और खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई के रूप में पड़ता है। ऐसे में यदि जुलाई व अगस्त माह के महत्वपूर्ण समय में बारिश सामान्य से कम होती है तो इसके परिणाम चिंता बढ़ाने वाले हो सकते हैं। केंद्र सरकार राज्य और जिले स्तर पर आपातकालीन योजनाएं तैयार कर रही है। सरकार सूखे में भी बेहतर उत्पादन कर सकने वाली फसलों को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण पर जोर दे रही है। साथ ही कोशिश है कि किसानों के लिये बीज-उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। देश में दालों, तिलहन और मोटे अनाजों की खेती को प्राथमिकता देना जरूरी है, क्योंकि ये फसलें कम पानी में भी सामान्य उत्पादन दे सकती हैं। सुखद ही है कि अल नीनो मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय किया गया ताकि कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिये रियल-टाइम सलाह किसानों को देकर सूखे के प्रभावों को कम किया जा सके। निश्चित रूप से पूरी तैयारी के साथ सूखे से मुकाबले का मतलब है कि हमने आधी लड़ाई जीत ली है। आज जरूरत इस बात की है कि सूखे की आशंका के बीच जल संकट से मुकाबले के लिये एक प्रभावी समग्र नीति बने। समय-समय पर इन नीतियों में सुधार किया जाए। जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन संकट के दौर में मानसून के व्यवहार में अनिश्चितता के बीच खेती की बारिश पर निर्भरता को कम करने के लिये व्यापक रणनीति तैयार की जाए। इसके लिये जरूरी है कि सूक्ष्म-सिंचाई सुविधा का विस्तार, जल निकायों के पुनरुद्धार, भूजल प्रबंधन को बेहतर बनाने और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा देने के प्रयास हों। हम मौसम के बदलते मिजाज पर हर बार प्रतिक्रिया देने के बजाय दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताएं सुनिश्चित करें। हमें किसानों को आर्थिक संकट से उबारने को अपनी वरीयता सूची में शामिल करना चाहिए। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की रक्षा के लिये बीमा कवरेज अभी भी ज्यादा प्रभावी नहीं है। किसानों को फसलों को क्षति पहुंचने पर मुआवजा लेने के बारे में व्यावहारिक जानकारी अक्सर कम ही होती है। वैसे तो देश में अनाज का पर्याप्त भंडारण है और आपातकालीन व्यवस्था के चलते देश की खाद्य सुरक्षा को तुरंत कोई बड़ा खतरा नहीं है।

## चिंतन-मनन

# बदला हुआ आदमी

स्कॉटलैंड के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी।

तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था।

तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा। इस मकड़ी ने मेरा संकल्प मजबूत कर दिया है। यह सोचते ही वह खोह से बाहर निकल गया।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रतिभा केंद्र और उज्ज्वल भविष्य की नई शक्ति



कांतिलाल मांडोत

इक्कीसवीं सदी में यदि किसी देश ने अपनी प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को प्रभावित किया है तो वह भारत है। कभी ऐसा समय था जब देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक इंजीनियर शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ बेहतर अवसरों की तलाश में विदेशों की ओर जाते थे। उस दौर में इसे ब्रेन ड्रेन कहा जाता था और चिंता जताई जाती थी कि देश की सबसे मूल्यवान संपत्ति विदेशों की प्रगति में योगदान दे रही है। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। भारत अब केवल प्रतिभा देने वाला देश नहीं रहा बल्कि प्रतिभाओं को वापस आकर्षित करने वाला विश्व का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है।

आज दुनिया के विकसित देशों में भारतीय प्रतिभा की धाक है। अमेरिका ब्रिटेन कनाडा ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों की बड़ी कंपनियों में भारतीय पेशेवर नेतृत्वकारी भूमिकाओं में कार्य कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विज्ञान इंजीनियरिंग चिकित्सा और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारतीय विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट हब कहा जा रहा है।

हाल के वर्षों में एक नई और उत्साहजनक प्रवृत्ति देखने को मिली है। बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर विदेशों से वापस अपने देश लौट रहे हैं। वे केवल नौकरी करने नहीं आ रहे बल्कि भारत में अवसरों का नया संसार खड़ा कर रहे हैं। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में एक लाख बत्तीस हजार से अधिक उच्च कौशल वाले भारतीय पेशेवर अपने देश लौटे। यह संख्या इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल सपनों का देश नहीं बल्कि सपनों को साकार करने का सबसे उपयुक्त स्थान बनता जा रहा है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लौटने वाले भारतीय युवा उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जो भविष्य की दिशा तय करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता डीप टेक सेमीकंडक्टर एयरोस्पेस क्लाइमेट टेक और उन्नत अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारतीय विशेषज्ञ नई कंपनियां स्थापित कर रहे हैं। वे रिसर्च लैब बना रहे हैं नई तकनीक विकसित कर रहे हैं और दुनिया की चुनौतियों के समाधान खोज रहे हैं। यह केवल आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी पुनर्जागरण का संकेत है।

दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों की संख्या सीमित है लेकिन उनमें भारतीयों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत एआई प्रतिभा उपलब्ध कराने वाले देशों में सबसे आगे है। भारतीय इंजीनियर और वैज्ञानिक वैश्विक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके हैं। आज दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां भारतीय प्रतिभा के बिना अपनी कल्पना भी नहीं कर सकतीं। यह स्थिति भारत की शिक्षा व्यवस्था मेहनतकश युवाओं और ज्ञान आधारित संस्कृति की सफलता को दर्शाती है।

भारत की बढ़ती ताकत का एक कारण उसका विशाल युवा वर्ग भी है। देश की बड़ी आबादी युवा है और यह युवा वर्ग नई तकनीकों को तेजी से अपनाने की क्षमता रखता है। भारतीय युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहते बल्कि वे रोजगार देने वाले बनना चाहते हैं। स्टार्टअप संस्कृति ने इस सोच को नई दिशा दी है। देश में दो लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनमें से अनेक वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। यह उपलब्धि दर्शाती है कि भारत में नवाचार और उद्यमिता का वातावरण तेजी से मजबूत हो रहा है।

विदेशों से लौट रहे पेशेवरों के पीछे केवल भावनात्मक कारण ही नहीं हैं बल्कि भारत में उपलब्ध अवसर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विकसित देशों में आर्थिक मंदी और बदलती आव्रजन नीतियों ने भी लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। दूसरी ओर भारत में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था मजबूत डिजिटल ढांचा और नवाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियां प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं। अब भारतीय विशेषज्ञों को लगता है कि वे अपने देश में रहकर भी विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

भारत सरकार ने भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। विदेशों से लौटने वाले शीर्ष वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को आकर्षक शोध अनुदान और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सस्ती सुपरकंप्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे युवा शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं ताकि भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके।

भारत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां प्रतिभा और अवसर का संगम तेजी से मजबूत हो रहा है। पहले प्रतिभा थी लेकिन अवसर सीमित थे। अब अवसर भी बढ़ रहे हैं और संसाधन भी उपलब्ध हो रहे हैं। यही कारण है कि दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली भारतीय अब यह नहीं पूछते कि भारत क्यों लौटें बल्कि वे यह सोचते हैं कि अपने भविष्य का निर्माण किसी दूसरे देश में क्यों करें। यह सोच भारत के प्रति बढ़ते विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

भारतीय प्रतिभा केवल आर्थिक विकास में योगदान नहीं दे रही बल्कि देश की वैश्विक प्रतिष्ठा भी बढ़ा रही है। जब कोई भारतीय वैज्ञानिक नई खोज करता है जब कोई भारतीय उद्यमी वैश्विक कंपनी खड़ी करता है या जब कोई भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ दुनिया की जटिल समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है तब पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ता है। आज भारत ज्ञान विज्ञान और नवाचार की शक्ति के रूप में पहचाना जा रहा है।

आने वाले वर्षों में भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने वाली है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हरित ऊर्जा अंतरिक्ष विज्ञान जैव प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। यदि देश इसी गति से आगे बढ़ता रहा तो वह केवल प्रतिभा उपलब्ध कराने वाला राष्ट्र नहीं रहेगा बल्कि विश्व के वैज्ञानिक और तकनीकी नेतृत्व का केंद्र बन जाएगा। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है। यह ऐसा भारत है जो अपने युवाओं की क्षमता पर भरोसा करता है। यह ऐसा भारत है जो दुनिया को केवल मानव संसाधन नहीं बल्कि विचार नेतृत्व नवाचार और समाधान प्रदान कर रहा है।

# क्या भारतीय महिलाओं की पहचान सोनम मुस्कान और सिया बनेंगी?



मनोज कुमार अग्रवाल

करीब दो साल पहले हनीमून ट्रिप पर अपने पति राजा रघुवंशी को अपने प्रेमी के साथ मिल कर मौत के घाट उतारने वाली सोनम की तर्ज पर ही अब पुणे की एक युवती ने अपने आशिक के साथ मिलकर अपने अरबपति बिजनेसमैन मंगेतर को पहाड़ी से धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद मामले की सघन जांच कर युवती सिया गोयल और उसके आशिक प्रेमी चेतन बाबूलाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

यह वारदात समाज में पनप रहे लव अफेयर्स और प्रेमी को पाने के लिए हिंसा की ओर प्रवृत होती युवा पीढ़ी का अनावरण करती है वहीं दूसरी ओर इश्क के जुनून में बेगुनाह मंगेतर और पति के कत्ल से भी गुरेज नहीं करने वाली कथित एलीट एजुकेटेड बिंदास लड़कियों के व्यवहार में हो रहे बर्बरता भरे हिंसक व्यवहार का भी खुलासा करती है।

सावधान यदि आप किसी लड़की के रंगरूप आकर्षक शरीर सौष्ठव भोले चेहरे को देख कर अपना जीवन साथी बना रहे हैं तो पहले उसके बीते और वर्तमान दिनचर्या की ढंग से पड़ताल कर लें अन्यथा इंदौर के राजा रघुवंशी और पुणे के केतन अग्रवाल की तरह अपनी मंगेतर सिया या सोनम के हाथों जान गंवा सकते हैं।

पहले ये सब फिल्मी परदे या ओटीटी चैनल पर देखने को मिलता था लेकिन अब आए दिन कथित माडर्न लिबरल गर्ल्स से लेकर अनपढ़ गंवार समझी जाने वाली ग्रामीण युवतियां भी अपने प्रेमियों के हाथों पति का नृशंस कत्ल करा कर फर्जी कहानियां गढ़ कर मगरमच्छी आंसू बहा देती है। बाद में पुलिस इन वारदातों का अनावरण कर ऐसा सच सामने लाती है कि कलेजा कांप जाता है।

महाराष्ट्र के पुणे से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। पुणे के एक नामी रियल एस्टेट कंपनी के डायरेक्टर केतन विशाल अग्रवाल के हत्या के मामले में अब जैसे-जैसे खुलासे सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे ये मामला और बड़ा और भयावह बनता जा रहा हैशुरूआत से बात करें तो केतन की मौत लोहगढ़ किले की खाई में गिरने से हुई और इसे पहले महज एक हादसा समझा जा रहा था, लेकिन अब जब सच सामने आया तब यह हत्या का मामला बन गया है। मामले में पुलिस ने केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन बाबूलाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दोनों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत भेजा गया है।

बता दें कि केतन और सिया की सगाई इसी साल फरवरी में हुई थी और नवंबर में राजस्थान के एक महल में उनकी शाही शादी होने वाली थी। दोनों 6 जून को प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए इंडोनेशिया के बाली जाने वाले थे।खबरों के मुताबिक दोनों परिवारों ने राजस्थान में शादी के लिए 17 करोड़ रुपये में एक महल बुक किया था और मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए दो प्राइवेट प्लेन का भी इंतजाम किया गया था। बाली जाने के लिए जब वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, तो बाकी सबके पासपोर्ट सुरक्षित थे, लेकिन सिर्फ केतन का पासपोर्ट गायब था। यह सिया गोयल की जानबूझकर साजिश थी ताकि पासपोर्ट न होने के कारण केतन बाली नहीं जा सका और उसे एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा। पिता का आरोप है कि यह पूरी तरह सोची-समझी साजिश थी ताकि ट्रिप कैंसिल हो जाए।जानकारी के अनुसार बाली ट्रिप कैंसिल होने के बाद सिया ने एक नया प्लान बनाया। 19 जून को सिया का जन्मदिन था। केतन के पिता के मुताबिक, सिया ने जिद की और झगड़ा करके केतन को 18 जून को ही प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए पुणे के पास लोहगढ़ किले चलने के लिए राजी कर लिया।

इसके बाद केतन 18 जून की सुबह 8:20 बजे घर से निकला। करीब ढाई घंटे बाद, सुबह 10:45 बजे सिया की मां का फोन केतन के परिवार के पास आया कि केतन लोहगढ़ किले की घाटी में गिर गया है। सिया ने पुलिस को बताया कि तेज हवाओं के कारण पैर फिसलने से केतन 400 फीट गहरी खाई में गिर गया। पुलिस ने भी शुरूआत में इसे एक दर्दनाक हादसा मानकर केस दर्ज किया था।

केतन के पिता विशाल अग्रवाल ने बताया कि जब पुलिस केतन का शव लेकर आई, तो सिया के बर्ताव ने सबको चौंका दिया। उन्होंने बताया कि जब किसी महिला के मंगेतर या पति की मौत होती है, तो वह टूट जाती है। लेकिन सिया के चेहरे या व्यवहार में दुख का कोई नामोनिशान नहीं था। वह बिल्कुल सामान्य दिख रही थी। यही पहली बात थी जिसने हमें झकझोर दिया, लेकिन उस वक्त अस्पताल भागने की जल्दी में हमने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ में एक बड़े कारोबारी के बेटे केतन अग्रवाल की लोहगढ़ किले की खाई में गिरने से मौत हो गई, जिसे पहले हादसा समझा गया था लेकिन बाद में हत्या निकली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने मिलकर उसे मारकर खाई में धकेला था, दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

आपको बता दें इसी तर्ज पर एक साल पहले इंदौर के 29 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की उसकी नवविवाहिता पत्नी सोनम ने अपने दोस्तों की मदद से हत्या की थी राजा रघुवंशी की शादी 11 मई 2025 को 25 वर्षीय सोनम रघुवंशी से हुई थी। शादी के बाद दोनों 20 मई 2025 को हनीमून के लिए मेघालय के शिलांग गए थे। 23 मई 2025 को चेरापुंजी (सोहरा) के पास एक होमस्टे से निकलने के बाद राजा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। शुरूआत में इसे सामान्य गुमशुदगी या लूटपाट का मामला दिखाने की कोशिश की गई।बाद में सोनम और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह

मेरठ का सबसे चर्चित और रूह कंपा देने वाला मामला है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्कान रस्तोगी नाम की महिला है।मार्च 2025 में मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की बेरहमी से हत्या कर दी। सौरभ को पहले नशीली दवा दी गई, फिर चाकू और उस्तरे से उसका गला रेता गया। शव को कई टुकड़ों में काटकर एक नीले ड्रम में डाला गया और बदबू छिपाने के लिए उसे सीमेंट और रेत के मिक्सर से जमा दिया गया। सौरभ अपनी बेटी को अपने साथ लंदन ले जाना चाहता था, लेकिन मुस्कान मेरठ में अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती थी।

सवाल उठता है कि भारतीय समाज किधर जा रहा है। भारतीय समाज में एक आदर्श महिला का चरित्र पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक प्रगति का एक अनूठा संगम है। इसे मुख्य रूप से त्याग, सहनशीलता, संस्कार, पारिवारिक एकजुटता, और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों के आधार पर परिभाषित किया जाता है। क्या भारतीय महिलाओं की पहचान अब सीता गार्गी कुन्ती तारा शबरी मंदोदरी द्रोपदी मैत्रेयी मदालसा देवहूति अरूंधती से न होकर सोनम मुस्कान और सिया गोयल जैसी पथभ्रष्ट युवतियों से होगी?

# आज होगा वैभव का डेब्यू!

## अभिषेक-सैमसन में कौन होगा बाहर? टीम इंडिया की प्लेइंग-11 पर बड़ा सस्पेंस




**02** मैचों की टी-20 सीरीज खेलेंगे भारत व आयरलैंड

**लंदन, एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2026 के सफल अभियान के बाद भारतीय टीम अब आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में दो मैचों की टी20 सीरीज खेलने उतरेगी। इस सीरीज के साथ श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में टीम एक नए अध्याय की शुरुआत करेगी। हालांकि, कप्तानी से ज्यादा चर्चा इस बात की है कि क्या 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिलेगा। भारत-आयरलैंड के बीच पहला टी20 26 जून को और दूसरा टी20 28 जून को खेला जाएगा। दोनों मैच शाम छह बजे से शुरू होंगे।

### वैभव सूर्यवंशी पर पूरे देशभर की टिकी हैं निगाहें...

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपने बल्ले से धमाका करते हुए टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। इसके बाद हाल ही में श्रीलंका में हुई इंडिया-ए त्रिकोणीय सीरीज में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 94 रन की पारी खेली और लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक जड़ दिया। यही वजह है कि उनके भारतीय टीम में डेब्यू को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ रही है।

### जगह बनाना आसान नहीं

वैभव को सीधे प्लेइंग-11 में शामिल करना टीम प्रबंधन के लिए आसान फैसला नहीं होगा। भारत के पास पहले से ही संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसी सफल ओपनिंग जोड़ी मौजूद है। टी20 विश्व कप में सैमसन ने शुरुआत में बेंच पर बैठने के बाद वापसी की और टूर्नामेंट के अंत में तीन यादगार पारियां खेलकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बने। दूसरी ओर अभिषेक शर्मा का विश्व कप अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने लगातार तीन शून्य से शुरुआत की, लेकिन अंत में 21 गेंदों पर 52 रन की तेज पारी खेलकर लय हासिल कर ली। 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से वह फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### किसकी जगह खेलेंगे

अगर सूर्यवंशी को मौका दिया जाता है तो भारत को अपनी बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करना पड़ सकता है। टीम में ईशान किशन भी मौजूद हैं, जबकि श्रेयस अय्यर के नंबर-चार पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है। ऐसे में सूर्यवंशी के आने पर सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन में से केवल दो खिलाड़ियों के लिए ही जगह बच सकती है इसका मतलब यह हो सकता है कि किसी मौजूदा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी स्थिति बदलनी पड़े या फिर प्लेइंग-11 से बाहर बैठना पड़े। टी20 विश्व कप जीतने के तुरंत बाद ऐसा बदलाव कठोर लग सकता है, लेकिन टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा का स्तर यही दिखाता है। सूर्यकुमार यादव का कप्तानी और टीम दोनों से बाहर होना भी यह संकेत देता है कि चयनकर्ता कठिन फैसले लेने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

### क्या सैमसन को लोअर ऑर्डर में खेलना पड़ेगा?

कागज पर देखें तो संजू सैमसन को नंबर-छह पर उतारना सबसे आसान समाधान नजर आता है। सैमसन पहले भी टी20 क्रिकेट में नंबर-चार और नंबर-पांच पर बल्लेबाजी कर चुके हैं, लेकिन मौजूदा भारतीय टीम में ये दोनों स्थान लगभग तय माने जा रहे हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर के नंबर-चार और उपकप्तान तिलक वर्मा के नंबर-पांच पर खेलने की संभावना सबसे अधिक है। ऐसी स्थिति में सैमसन के लिए नंबर-छह का विकल्प बचता है। हालांकि यहां एक नई चुनौती सामने आती है। टी20 क्रिकेट में यह स्थान आमतौर पर ऐसे खिलाड़ी के लिए रखा जाता है जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सके। शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और सूर्यांश शेडगे जैसे खिलाड़ी इसी भूमिका के प्रमुख दावेदार हैं। अगर भारत सैमसन को नंबर-छह पर खिलाने का फैसला करता है, तो टीम संयोजन पर उसका असर पड़ सकता है। ऐसे में टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प की कमी महसूस हो सकती है, जिसका असर संतुलन पर पड़ सकता है। यह भी हो सकता है कि एक टी20 में वैभव को बैठाया जाए।

## न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड को चोट के कारण दो बड़े झटके लगे हैं। स्ट्राइक बॉलर मैट हेनरी और मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स टीम से बाहर हो गए हैं।

टीम ने बताया कि पिछले हफ्ते ओवल में न्यूजीलैंड की दूसरे टेस्ट में जीत के दौरान 11 विकेट लेने वाले हेनरी को उस मैच के दौरान पिंडली (ष्ड्डद्यद्ब) में खिंचाव आ गया था और वे अभी तक ठीक नहीं हो पाए हैं। ओवल में पहली पारी में अहम शतक लगाने वाले फिलिप्स साइड स्ट्रेन (पसलियों के पास की मांसपेशियों में खिंचाव) के कारण बाहर हो गए हैं।

### यूएस ओपन बैडमिंटन

## किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में



**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व नंबर-1 भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर में भारत के ही दयानंद सनीथ को सीधे गेमों में 21-14, 21-12 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। महज 30 मिनट में मिली इस जीत के साथ 33 वर्षीय श्रीकांत ने अगले दौर का टिकट कटाया, जहां उनका सामना मलेशिया के स्टार खिलाड़ी ली जी जिया से होगा।

लक्ष्य सेन के टूर्नामेंट से ऐन वक्त पर हटने के बाद किदांबी श्रीकांत भारतीय एकल खिलाड़ियों में सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। ऐसे में उनसे टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें बढ़ गई हैं।पुरुष एकल में रौनक चौहान ने भी अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली। उन्होंने हमवतन शंकर सुब्रमण्यम को 23-21, 21-16 से हराया। रौनक ने मुख्य ड्रॉ में पहुंचने के लिए पहले दो क्वालिफाइंग मुकाबले भी जीते थे और अब उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है।

# साई सुदर्शन ने श्रीलंका-ए के खिलाफ शतक बनाया




गॉल। इंडिया-ए के ओपनर साई सुदर्शन ने गॉल में श्रीलंका-ए के खिलाफ खेले जा रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट में शतक जड़ दिया। उन्होंने 19 चौके की मदद से 175 गेंद पर 132 रन बनाए। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का नौवां शतक है।साई के शतक की बदौलत भारत ने पहली पारी में 4 विकेट खोकर 218 रन बना लिए हैं। कप्तान ध्रुव जुरेल और शेख रशीद क्रीज पर हैं। आयुष पांडे 25, देवदत्त पडिक्कल 12 और ऋतुराज गायकवाड ने 22 रन बनाए। इस समय पहले दिन का दूसरा सेशन चल रहा है। इस मैच से पहले तक साई सुदर्शन ने 40 फर्स्ट क्लास मैचों की 68 पारियों में 2672 रन बनाए थे। उन्होंने 8 शतक और 10 अर्धशतकों लगाए थे। उनका औसत 39.29 का रहा है। उनका बेस्ट स्कोर 213 रन रहा है।इंडिया-ए के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टॉस के दौरान उन्होंने कहा कि हम बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका-ए पर दबाव बनाना चाहते हैं। इंडिया-ए को साई सुदर्शन और आयुष पांडे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 138 गेंद में 78 रन जोड़े। इसके बाद साई ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। इससे टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा।



# स्विट्ज़रलैंड-कनाडा अंतिम-32 में पहुंचे

**वैंकूवर/सिएटल। एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 में ग्रुप बी के अंतिम मुकाबलों के बाद नॉकआउट चरण की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। वैंकूवर में खेले गए मुकाबले में स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि सिएटल में बोस्निया-हर्जेगोविना ने कतर को 3-1 से मात देकर अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर लिया। तीन मैचों के बाद स्विट्जरलैंड सात अंकों के साथ ग्रुप बी में पहले स्थान पर रहा, कनाडा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और दोनों टीमों ने सीधे अंतिम-32 में जगह बना ली। वहीं, बोस्निया भी चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा और अब सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर आगे बढ़ने की उम्मीद लगाए हुए है। कतर सिर्फ एक अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा और टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### बोस्निया ने जीत से जीवित रखीं नॉकआउट की उम्मीद

### स्विट्ज़रलैंड ने कनाडा को हराकर ग्रुप में मारी बाजी

वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में खेले गए ग्रुप बी के निर्णायक मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर ग्रुप विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और 45 मिनट का खेल गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। कनाडा और स्विट्ज़रलैंड दोनों ने मौके बनाए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली।

दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही स्विट्ज़रलैंड ने मैच का रुख बदल दिया। 46वें मिनट में रूबेन वर्गास ने गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 57वें मिनट में 20 वर्षीय जोहान मंजाम्बी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। मंजाम्बी ने पूरे मैच में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और स्विस आक्रमण की धुरी बने रहे। कनाडा ने हार नहीं मानी और 76वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी प्रॉमिस डेविड ने गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम मिनटों में कनाडा ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया, लेकिन स्विस रक्षा पंक्ति ने कोई और मौका नहीं दिया। आखिरकार स्विट्ज़रलैंड ने 2-1 की जीत दर्ज कर सात अंकों के साथ ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल कर लिया। कनाडा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंच गया।

### बोस्निया ने कतर को हराकर जिंदा रखीं नॉकआउट की उम्मीदें

सिएटल स्टेडियम में खेले गए दूसरे मुकाबले में बोस्निया-हर्जेगोविना ने क़तर को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर दी। मैच के पहले हाफ में बोस्निया ने आक्रामक शुरुआत की और 29वें मिनट में 18 वर्षीय केरिम अलाजबेगोविच ने बॉक्स के बाहर से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। बोस्निया की बढ़त 34वें मिनट में दोगुनी हो गई जब कतर के सुल्तान अलब्राके ने एडिन जेको के क्रॉस को क्लियर करने के प्रयास में अपनी ही टीम के गोलपोस्ट में गेंद पहुंचा दी। हालांकि कतर ने वापसी की कोशिश की और 42वें मिनट में अनुभवी हसन अलहायदोस ने गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। इसी स्कोर के साथ पहला हाफ समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में कतर ने बराबरी के लिए जोर लगाया और कुछ अच्छे मौके भी बनाए, लेकिन बोस्निया ने संयम बनाए रखा। मैच के 80वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी एरमिन माहमिक के डिफ्लेक्टेड शॉट ने कतर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस गोल के साथ बोस्निया ने 3-1 की निर्णायक जीत सुनिश्चित कर ली। इस जीत के साथ बोस्निया के भी चार अंक हो गए, लेकिन गोल अंतर और अन्य मानकों के कारण टीम तीसरे स्थान पर रही। अब उसकी निगाहें अन्य समूहों के परिणामों पर टिकी रहेंगी, क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर अंतिम-32 में जगह बना सकती है।

### ग्रुप-बी का हाल

ग्रुप बी से स्विट्ज़रलैंड ने सात अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर सीधे अंतिम-32 में प्रवेश किया। कनाडा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंच गया। बोस्निया-हर्जेगोविना ने अंतिम मैच जीतकर अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है और अब वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों की सूची में जगह बनाने की कोशिश करेगा। वहीं कतर का अभियान एक अंक के साथ समाप्त हो गया।

## फीफा विश्वकप के बीच नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन पर गिरी गाज!



**लॉजेन।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) ने तीसरे पक्ष के दखल से जुड़े फीफा नियमों के उल्लंघन के कारण ऑल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन (एएनएफए) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह फैसला नेपाली फुटबॉल के गवर्नेंस को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद आया है। इससे पहले, नेपाल की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल ने एएनएफए को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि बाद में उस फैसले को वापस ले लिया गया था। फीफा ने अपने बयान में कहा कि काउंसिल के ब्यूरो ने फीफा नियमों के आर्टिकल 14 पैराग्राफ 1(आई) और 3 के तहत तीसरे पक्ष के दखल से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण ऑल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन (एएनएफए) को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है।

फीफा के सर्कुलर के मुताबिक, 24 जून 2026 से एएनएफए ने फीफा नियमों के आर्टिकल 13 में दिए गए सभी सदस्यता अधिकार अगले आदेश तक खो दिए हैं। इसके चलते अब एएनएफए के प्रतिनिधि और क्लब टीमें तब तक किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकेंगी, जब तक उनका निलंबन वापस नहीं लिया जाता।

इस निलंबन का मतलब है कि नेपाल की राष्ट्रीय टीमें और क्लब अब फीफा और एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) द्वारा आयोजित किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इसके साथ ही ऑल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन (एएनएफए), उसके सदस्य संगठनों और अधिकारियों को फीफा औरएएफसी की वित्तीय सहायता भी नहीं मिलेगी।

फीफा ने यह भी स्पष्ट किया है कि निलंबन के दौरान एएनएफए और इसके किसी भी सदस्य या अधिकारी को फीफा और एएफसी के किसी भी विकास कार्यक्रम, कोर्स या प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, सभी संबंधित पक्षों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जब तक एएनएफए पर निलंबन लागू है, तब तक उनके साथ या उनकी टीमों के साथ किसी भी प्रकार का खेल संबंध (स्पोर्टिंग कॉन्टैक्ट) न रखा जाए।

# नेमार की वापसी अफ्रीका ने रचा इतिहास

## मोरक्को-ब्राजील नॉकआउट में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा विश्वकप 2026 का 14वां दिन रोमांच से भरपूर रहा। ब्राजील ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर नॉकआउट में जगह बनाई, जबकि नेमार ने चोट से वापसी करते हुए टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेला। मोरक्को ने हैती के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने कनाडा को हराकर ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि बोस्निया-हर्जेगोविना ने कतर को 3-1 से हराकर अगले दौर की उम्मीदें मजबूत कर लीं। वहीं, ग्रुप-ए में दक्षिण अफ्रीका ने दक्षिण कोरिया को हराकर इतिहास रच दिया और विश्वकप के इतिहास में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। वहीं, मेक्सिको से हारकर चेकिया विश्वकप से बाहर हो चुका है।

### ग्रुप चरण के आखिरी दौर में एक साथ हो रहे मुकाबले

फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप चरण के अंतिम दौर में अब एक ही समय पर दो मुकाबले खेले जा रहे हैं। फीफा ने ग्रुप स्टेज के आखिरी दौर में एक ग्रुप के दोनों मुकाबलों को एक साथ शुरू कराया है ताकि कोई भी टीम दूसरे मैच के परिणाम का फायदा न उठा सके।पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। स्टार विंगर विनीशियस जूनियर ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विनीशियस ने मैच के सातवें मिनट में पहला गोल किया और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले दूसरा गोल दाग दिया। उनके साथ मैथियस कुन्हा ने भी एक गोल किया। इस मुकाबले की सबसे बड़ी खबर नेमार की वापसी रही। पिंडली की चोट के कारण शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाने वाले नेमार 76वें मिनट में मैदान पर उतरे। स्टेडियम में मौजूद ब्राजीलियाई प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ब्राजील ने ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि स्कॉटलैंड एक बार फिर ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रहा।

### मोरक्को से हारकर हैती के सपनों पर फेरा पानी

मोरक्को ने हैती को 4-2 से हराकर ग्रुप-सी में दूसरे स्थान के साथ नॉकआउट दौर में जगह बना ली। हैती ने मुकाबले में दो बार बढ़त हासिल की थी। लेनी जोसेफ ने 10वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद अचरफ हाकिमी ने 39वें मिनट में बराबरी दिलाई, लेकिन कुछ ही मिनट बाद विल्सन इसिडोर ने फिर हैती को बढ़त दिला दी। हालांकि मोरक्को ने हार नहीं मानी। इस्माइल सैबारी ने हाफ टाइम से पहले स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी सूफियान रहीमी ने 78वें मिनट में निर्णायक गोल किया और 89वें मिनट में गेस्सीम यासीन ने चौथा गोल दागकर हैती की उम्मीदें समाप्त कर दीं। कतर विश्वकप 2022 की सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को टीम ने एक बार फिर साबित किया कि वह इस बार भी लंबी दौड़ तय करने की क्षमता रखती है।





# न्यूक्लियर बम जैसी कहानी मिलेगी तभी मैं 'गदर 3' बनाऊंगा

फिल्ममेकर अनिल शर्मा का कहना है कि जैसे ही उनके हाथ 'गदर : एक प्रेम कथा' की स्क्रिप्ट आई, उन्हें उसी वक्त एहसास हो गया था कि यह फिल्म भारत की सबसे बड़ी हिट बन सकती है। 25 साल बाद, कई रिकॉर्ड बनाने और एक हिट फ्रेंचाइज बनने के बाद भी अनिल शर्मा खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि यह फिल्म आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।

इंटरव्यू में अनिल शर्मा ने फिल्म को याद करते हुए कहा, 'जिस दिन फिल्म के राइटर शक्तिमान तलवार ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, उसी दिन मुझे समझ आ गया था कि यह भारत की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन सकती है, और ऐसा हुआ भी। 'मदर इंडिया', 'मुगल-ए-आजम' और 'शोले' मेरी पसंदीदा फिल्में रही हैं, और मैंने कोशिश की कि यह फिल्म भी उसी लेवल की बने। यह फिल्म टॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई। ब्लॉकबस्टर कमाई के अलावा, इस फिल्म को करीब 10 करोड़ दर्शकों ने देखा, जो आज तक कोई फिल्म हासिल नहीं कर पाई। यहां तक कि 'गदर 2' का फुटफॉल भी इसका आधा ही था।'

लगान से टक्कर पर फिल्ममेकर का बयान रिलीज के दिन 'लगान' से टक्कर पर वह कहते हैं, 'आज हम कहते हैं कि 'लगान' से मुकाबला था, लेकिन उस समय ऐसा कुछ नहीं था। उस दौर में दो-तीन बड़ी फिल्में एक साथ रिलीज होती थीं और सभी अच्छा चलती थीं। लोग एक फिल्म देखने के बाद दूसरी फिल्म भी देखने जाते थे। वो मार्केटिंग का नहीं, दिल का दौर था।' कास्टिंग को लेकर अनिल शर्मा कहते हैं, 'लोग पूछते हैं कि क्या कोई और विकल्प था, लेकिन सनी देओल, अमरीश पुरी या बाकी कलाकारों के लिए हमारे पास दूसरा कोई विकल्प था ही नहीं।'

### क्या 'गदर 3' बनेगी

गदर 3 बनने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'जब उत्कर्ष बड़ा हुआ तो लोग कहने लगे कि जीते की कहानी लाओ। लेकिन मेरे लिए अगर 'गदर' एक बम थी, तो 'गदर 2' के लिए मुझे एटम बम जैसी कहानी चाहिए थी, और उसने इतिहास बना दिया। अब अगर मुझे न्यूक्लियर बम जैसी कहानी मिलेगी, तभी मैं 'गदर 3' बनाऊंगा। हम इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं और अगर सब सही रहा तो अगले साल इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।' बता दें कि पहले पार्ट में सनी देओल, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म 15 जून 2001 को आमिर खान की 'लगान' के साथ रिलीज हुई थी।



# मानवी गगरू ने सुनाया करियर के शुरुआत का किस्सा

## मुझे 'कंप्रोमाइज' का मतलब ही समझ नहीं आया

अभिनेत्री मानवी गगरू ने हाल ही में मनोरंजन जगत में नए कलाकार के तौर पर अपने कुछ अजीब और असहज अनुभवों के बारे में बात की है। उन्होंने वह अनुभव याद किए, जब उन्हें इशारों-इशारों में अजीब ऑफर दिए गए। साथ ही कास्टिंग से जुड़ी अजीब शब्दावली का भी जिक्र किया, जो शुरुआत में उनकी समझ में नहीं आई थी। उन्होंने बताया कि एक आउटसाइडर होने के नाते सिनेमा में आगे बढ़ना उनके लिए सीखने वाली प्रक्रिया रही।

### मानवी ने बताई करियर की अजीब घटना

हाल ही में मानवी ने 'टू गर्ल्स एंड टू कप्स' शो में बताया कि करियर की शुरुआत में उनके साथ एक बहुत अजीब घटना हुई थी। उन्हें एक प्रोजेक्ट के लिए 'एक लाख रुपये और कॉम्प्रोमाइजट का ऑफर देने वाला मैसेज मिला। उन्होंने कहा, 'यह मेरे करियर के शुरुआत की बात है, इसलिए मैंने जवाब में पूछा कि 'कॉम्प्रोमाइज?' दरअसल, मुझे इसका मतलब नहीं पता था'। मानवी ने माना कि शुरू में उन्हें इस शब्द का मतलब समझ नहीं आया था और उन्होंने वह मैसेज एक ऐसे कास्टिंग डायरेक्टर को भी दिखाया जिन पर उन्हें भरोसा था।

### मैसेज भेजने वाले की हिम्मत ने हैरान किया

मानवी ने कहा, 'मैंने इसे एक कास्टिंग डायरेक्टर को दिखाया, जो मेरे लिए एक मेंटर की तरह थे। उन्होंने कहा, बस उसे डिलीट करो, ब्लॉक करो'। अभिनेत्री को सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई कि मैसेज भेजने वाले ने इतनी हिम्मत दिखाई कि ऐसा ऑफर भी लिखकर भेजा। उन्होंने कहा, 'मैं हैरान रह गई, यार। लोग आमतौर पर सोचते हैं कि कोई सबूत नहीं होना चाहिए। वे फोन पर बातें करते हैं, ताकि कोई उनकी शिकायत न कर सके। लेकिन यहां तो टेक्स्ट में ही एक लाख रुपये और कॉम्प्रोमाइज की बात कही गई थी'। बता दें कि मानवी गगरू चर्चित अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवीएफ पिचर्स, टीवीएफ ट्रिपलिंग और फोर मोर शॉट्स प्लीज जैसी सीरीज में काम किया है। इसके अलावा वे 'नो वन किल्ड जेसिका', 'पीके', 'तू है मेरा संडे' और 'उजड़ा चमन' जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

### नए स्टार्स के साथ ऐसा ही होता है

वह किस्सा याद कर मानवी को हंसी आ गई कि उन्होंने उस मैसेज का मतलब कितनी मासूमियत से समझा था। उन्होंने कहा, 'मुझे पहले लगा कि 'कॉम्प्रोमाइज' का मतलब है कि बजट में कॉम्प्रोमाइज करेंगे या नहीं। मुझे लगा शायद यह कोई फाइनेंशियल बात है। जैसे जीएसटी, पता है न? एक लाख रुपये प्लस जीएसटी, शायद कुछ कॉम्प्लिमेंट्री भी हो। साथ में कॉम्प्रोमाइज। मुझे पता नहीं था'। अभिनेत्री ने कहा कि जो लोग नए-नए इंडस्ट्री में आते हैं और वहां की भाषा समझने की कोशिश करते हैं, उनके साथ ऐसी गलतफहमियां होना आम बात है। मानवी के मुताबिक, 'जो लोग फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते उनके साथ ऐसा ही होता है।



# बॉक्स ऑफिस हिट के बिना इंडस्ट्री गंभीरता से नहीं लेती

'स्त्री' और 'स्त्री 2' की सफलता के बाद अब ऑडियंस को इस हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के अगले भाग का इंतजार है। 'स्त्री' में जना का किरदार निभाने वाले अभिषेक बनर्जी भी फ्रेंचाइजी के अगले भाग का इंतजार कर रहे हैं। अमर उजाला से खास बातचीत में अभिषेक ने कहा, 'यह फिल्म बननी भी चाहिए। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह सिलसिला आगे चलता रहेगा।'

### फ्रेंचाइजी को चाहिए नई और युवा एनर्जी

फ्रेंचाइजी की कास्टिंग को लेकर पूछे गए सवाल पर अभिनेता ने कहा, 'जहां तक कास्ट की बात है, फिलहाल तो मेरी यही दुआ है कि अगले कुछ साल तक यही टीम (राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक) बनी रहे। लेकिन आखिरकार हर चीज का एक समय होता है। किसी भी इंडस्ट्री में, चाहे आप किसी भी मुकाम पर हों, एक समय ऐसा आता है जब नई पीढ़ी को आगे आने के लिए जगह देनी पड़ती है।' उन्होंने आगे कहा, 'इस तरह की फिल्मों में एक खास तरह की यंग एनर्जी की जरूरत होती है। अगर हम 55 या 60 साल की उम्र में भी वही किरदार निभाते रहें तो ऑडियंस को उतना मजा नहीं आएगा इसलिए जब तक हम उस किरदार की ताजगी और एनर्जी को बनाए रख सकते हैं, तब तक जरूर इसका हिस्सा बने रहना चाहेंगे। हां, जिस दिन हमारे निर्माता या निर्देशक को लगेगा कि अब किसी नई एनर्जी की जरूरत है, तो वह फैसला भी हमें स्वीकार करना होगा। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।'

फ्रेंचाइजी के अगले भाग को लेकर अभिषेक ने कहा, 'इसका इंतजार मैं भी उतना ही कर रहा हूं जितना ऑडियंस कर रही है। उम्मीद है कि 2028 तक फैंस को 'स्त्री' की एक नई पेशकश देखने को मिल जाएगी। फिलहाल तो यही कहूंगा कि यह यूनिवर्स लगातार बड़ा और मजबूत होता जा रहा है, इसका अगला भाग 'शक्ति शालिनी' भी अभी बन रहा है।' बातचीत के दौरान अभिषेक ने यह भी माना कि यह फिल्म उनके करियर की सबसे अहम फिल्मों में से एक रही है। उनके मुताबिक, इसकी सफलता के बाद इंडस्ट्री में उन्हें देखने का नजरिया बदल गया। अभिनेता ने कहा, 'मुझे लगता है कि 'स्त्री' मेरे करियर की सबसे बड़ी गेम चेंजर रही। जब यह फिल्म आई और उसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, तब चीजें बदलनी शुरू हुईं। मेरा मानना है कि हमारी इंडस्ट्री में जब तक आपकी फिल्में पैसा नहीं कमातीं, तब तक आपको उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। टैलेंट अपनी जगह है, लेकिन आखिर में बॉक्स ऑफिस और बिजनेस भी बहुत मायने रखता है। हम सब यह बात जानते हैं।'

# नयनतारा ने सामंथा की 'मां इंटी बंगारम' की सफलता का मनाया जश्न



सामंथा रुथ प्रभु अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मा इंटी बंगारम' की सफलता का जश्न मना रही हैं। एक्शन कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। नयनतारा ने फिल्म की सफलता को लेकर सामंथा को बधाई दी है। उन्होंने पूरी टीम को प्यार और सफलता की शुभकामनाएं देते हुए एक प्यारा संदेश भी लिखा है।

फिल्म 'मां इंटी बंगारम' की सफलता को देखते हुए साउथ अभिनेत्री नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया। उन्होंने सामंथा को 'सैम' कहकर बधाई दी और लिखा कि वह इस सफलता की हकदार हैं। उन्होंने पूरी टीम को भी शुभकामनाएं दीं।

बॉक्स ऑफिस पर दो दिनों की कमाई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगु फिल्म 'मां इंटी बंगारम' सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

'मां इंटी बंगारम' एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसे नंदिनी रेड्डी ने निर्देशित किया है। फिल्म 18 जून, 2026 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 'यशोदा', 'घाटी' और 'द गर्लफ्रेंड' के पहले दिन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। फिल्म में सामंथा के साथ गुलशन देवैया और दिगंथ मंचले भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है, जिसके बाद से ही फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। 'द इंडिया स्टोरी' फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक (पेस्टिसाइड) का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। यह पोस्टर साफ दिखाता है कि फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है। फिल्म का मकसद लोगों को इस गंभीर मुद्दे के प्रति जागरूक करना है, जो अक्सर नजरअंदाज हो जाता है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है। फिल्म में भारत के एक बड़े लेकिन कम चर्चा में रहने वाले पब्लिक हेल्थ इश्यू को दिखाया जाएगा।




# मनोज बाजपेयी ने सिनेमा के बदलते कल्चर पर उठाए सवाल



**अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में बातचीत में इंडस्ट्री में बढ़ते पेड रिव्यू ट्रेंड, स्टार्स की बड़ी टीम और बदलते वर्क कल्चर पर खुलकर बात की। उन्होंने यह भी बताया कि वे अपनी फिल्मों का प्रमोशन किस तरह करते हैं?**

फिल्मों के पेड रिव्यू और जबरदस्ती अच्छा माहौल बनाने के ट्रेंड पर मनोज बाजपेयी ने बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा, 'आजकल कोई भी फिल्म जो बुरी भी होती है, उसको अच्छा बताया जाता है। उस एक्टर की पूरी टीम लग जाती है ये साबित करने में कि फिल्म अच्छी है...उनका परफॉर्मेंस बहुत कमाल का है। तो जो चीज बुरी है, उसको अच्छा साबित करने के लिए पूरी टीम लगी रहती है जी। और ये सब मैंने भी पढ़ा है, देखा नहीं। मैं जिस तरह का काम करता हूं, उसमें ये सब तो होता नहीं है।'

### मेरे फैसले मैं खुद लेता हूं

आज कई कलाकारों के फैसले उनकी टीम तय करती है। लेकिन मनोज कहते हैं कि उन्होंने हमेशा अपने फैसले खुद लिए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ तो ऐसा नहीं है। मैं अपने फैसले खुद लेता हूं। स्क्रिप्ट पढ़ता हूं या फिर उसका नरेशन लेता हूं। ज्यादातर मैं स्क्रिप्ट पढ़ना पसंद करता हूं। आखिर में फैसला मेरा ही होता है।' मनोज बाजपेयी ने कहा कि काम के दौरान वह अपनी निजी टीम को सेट से दूर रखते हैं और इसे डिसिप्लिन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप मेरे सेट पर आकर देखें, तो आपको मेरी टीम का कोई आदमी आसपास दिखाई नहीं देगा। मीडिया इंटरैक्शन के दौरान भी आप देख रहे हैं- प्रोडक्शन के लोग हैं, कैमरा टीम है, लेकिन मेरी टीम का कोई सदस्य यहां मौजूद नहीं है, क्योंकि हमने एक डिसिप्लिन बनाया हुआ है।' आगे उन्होंने कहा, 'जब हम काम कर रहे होते हैं, मेरा स्टाफ उस दायरे से बाहर रहता है। वहां कैमरा है, डायरेक्टर है, मेरे साथ दूसरे कलाकार हैं। वो एक अलग जोन होता है। उसमें मेरा बॉय, असिस्टेंट या मेकअप मैन तभी आएगा जब उसे बुलाया जाएगा। उनका काम कहीं और है, इस स्पेस में नहीं।'

### मुझे बड़ी टीम के साथ चलने की जरूरत नहीं पड़ती

जहां कई कलाकार बड़े सपोर्ट सिस्टम के साथ चलते हैं, वहीं मनोज का कहना है कि उन्हें इसकी जरूरत महसूस नहीं होती। उन्होंने कहा, 'अब हर किसी को अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने की आजादी है। मैं किसी को जज नहीं करता। जो बात आप कर रही हैं, उसके बारे में मैं कभी-कभी पढ़ लेता हूं, लेकिन वो दुनिया मेरे लिए काफी अनजान है। हो सकता है किसी अभिनेता को इतने सपोर्ट सिस्टम की जरूरत हो, मुझे नहीं है। मैं अपने लिए काफी हूं। मेरा कॉस्ट्यूम, मेरा मेकअप, बहुत सारी चीजें मैं खुद संभाल लेता हूं।' कई बार हेयर स्टाइलिस्ट भी साथ नहीं ले जाता

मनोज का कहना है कि वह फिल्मों में दिखावे के बजाय जरूरत के हिसाब से चीजें तय करते हैं।

### मैं जरूरत के हिसाब से काम करता हूं

अभिनेता ने कहा कि वह ज्यादातर छोटी और मीडियम बजट की फिल्मों में काम करते रहे हैं, इसलिए हर चीज जरूरत देखकर तय करते हैं। उन्होंने कहा, 'सच्चाई ये है कि मैं ज्यादातर छोटी या मीडियम बजट की फिल्में करता रहा हूं। इसलिए मैं हर चीज फिल्म की जरूरत के हिसाब से तय करता हूं। जो लोग बड़ी फिल्मों में काम करते हैं, उनके तरीके अलग हो सकते हैं। वहां अगर मेकर्स उस पूरे सेटअप की इजाजत देता है, तो फिर बाद में उसे शिकायत करने का भी कोई हक नहीं है।'

### मैं सिर्फ अपनी फिल्मों का प्रमोशन करता हूं, बाकी चीजों में नहीं पड़ता

मनोज कहते हैं कि वह अपनी फिल्मों का प्रमोशन जरूर करते हैं, लेकिन चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने में यकीन नहीं रखते। उन्होंने कहा, 'हम अपनी फिल्मों को प्रमोट करते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हमारी फिल्म को लेकर जागरूक हों। उसके बाद फिर हम अगली फिल्म में चले जाते हैं। और मैं इस बात पर यकीन करता हूं कि जो होगा, वो होगा। अपना काम शिद्दत से कीजिए, क्योंकि आपके भाग्य का कोई कुछ नहीं ले जा सकता।'

# एनिमेशन के फील्ड में मौके ही मौके

*बदलती तकनीक के साथ अब एनिमेशन की दुनिया भी बदल रही है। एनिमेशन अब और हाइटेक हो रहे हैं। कैरेक्टर पहले से ज्यादा इंसानों की तरह दिखाने की कोशिश की जा रही है। प्रेजेंटेशन से लेकर 3डी कैरेक्टर तक एनिमेशन की दुनिया में बदलाव आ रहा है। लोगों की गेमिंग में बढ़ती दिलचस्पी के कारण इस फील्ड में खास स्किल रखने वालों की मांग बढ़ रही है। आमतौर पर लोगों का मानना है कि एनिमेशन की दुनिया में काम करने वाले लोग केवल एक या दो प्रोफाइल के लिए काम करते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। यह एक बड़ा फील्ड है, जिसमें कई अलग-अलग प्रोफाइल पर काम करने का मौका मिलता है। एनिमेशन को बढ़ावा देने के लिए हर साल 28 अक्टूबर को इंटरनेशनल एनिमेशन डे मनाया जाता है। जानते हैं एनिमेशन की दुनिया में कहां मौके मिलते हैं....*



### वीडियो गेम डिजाइनर

**एक** वीडियो गेम डिजाइनर, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और ग्राफिक डिजाइन की मदद से वीडियो गेम्स तैयार करता है। यह अपने कैरेक्टर के लिए कॉन्सेप्ट तैयार करता है, उसकी स्टोरी लाइन तय करता है, उसका कैरेक्टर किस माहौल में रहता है, यह भी वीडियो गेम डिजाइनर तय करता है। यह बहुत क्रिएटिव वर्क माना जाता है।

**3डी आर्टिस्टः** किसी चीज के लिए एनिमेशन को तैयार करने के लिए 3डी विजुअलाइजेशन, रेंडरिंग और मॉडलिंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा ये विजुअल इफेक्ट के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। इस तरह अलग-अलग टीम मिलकर किसी एनिमेशन को आकर्षक बनाती है।

**टेक्निकल डायरेक्टरः** यह टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ होते हैं, जो एनिमेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर टूल को विकसित करने में मदद करते हैं। ये मॉडलिंग, एनिमेशन, स्पेशनल इफेक्ट, लाइटिंग और रिसर्च के ऑपरेशन प्रोसीजर पर काम करते हैं।

### 3डी मॉडलर

एनिमेशन की दुनिया में 3डी मॉडलर की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। इनका काम कार्टून कैरेक्टर की डायमेंशन तय करना, उनके कपड़े, माहौल और सतह को डिजाइन करना होता है। यह कार्टून या एनिमेशन की दुनिया में अहम प्रोफाइल मानी जाती है।

### स्टोरीबोर्ड आर्टिस्ट

इलस्ट्रेशन की मदद से स्टोरी तैयार करने का काम स्टोरीबोर्ड आर्टिस्ट करता है। फिल्मों, टीवी शो और कॉमर्शियल तैयार करने में इनकी भूमिका होती है।

### कैरेक्टर एनिमेटर

एक कैरेक्टर एनिमेटर अपने कैरेक्टर में जान डालने के लिए एनिमेशन टूल, 3डी मॉडलिंग, 2डी एनिमेशंस और दूसरी एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके कैरेक्टर को तैयार करता है और उसमें एनिमेशन डालकर जान फूंकता है।

### एनिमेटर

यह परंपरागत प्रोफाइल है। इसमें काम करने वाला एनिमेटर कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर या हाथ से ड्रॉइंग करके आकर्षक मूविंग ऑब्जेक्ट तैयार करता है। इनका इस्तेमाल फिल्म, टीवी प्रोग्राम और वीडियो गेम्स के लिए होता है।

# कॉर्पोरेट गिफ्टिंग स्टार्टअप से करें अच्छी कमाई

*भारत में अब तोहफे देने का चलन सिर्फ दोस्तों-रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहा। फेस्टिवल सीजन से लेकर कर्मचारी के प्रमोशन और वर्क एनिवर्सिरी तक कॉर्पोरेट कल्चर में तोहफे देने का चलन अब बढ़ रहा है। ऐसे में उन लोगों के लिए कई मौके हैं, जो कॉर्पोरेट गिफ्टिंग स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।*



### कुछ हटकर सोचें

कॉर्पोरेट गिफ्टिंग का स्टार्टअप शुरू करना है तो तोहफा ऐसा हो जो कंपनी का असर छोड़े और कर्मचारी को भी पसंद आए। इन दिनों ऐसे तोहफे ट्रेंड में हैं, जो इको फ्रेंडली हों, दिखने में अलग हों और कर्मचारी के काम आएं। आकर्षक तोहफों की ऐसी लिस्ट बनाएं जो कंपनियों के साथ शेयर की जा सके।

### मौके के मुताबिक गिफ्ट

आप सबसे पहले मौके को पहचानें और उसके मुताबिक तोहफे तैयार करने की योजना बनाएं। जैसे- कंपनी जॉइन करने, प्रमोशन, दिवाली और कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए कौनसा तोहफा देना उचित होगा, यह पूरी प्लानिंग करें।

### क्वालिटी और पैकेजिंग

कई बार पैकेजिंग बढ़िया होती है, पर जब प्रोडक्ट ओपन किया जाता है, तो उसकी क्वालिटी देखकर मन खराब हो जाता है। इसलिए आपको गिफ्ट की क्वालिटी और पैकेजिंग दोनों पर ही बराबर ध्यान देना चाहिए।

### टार्गेट ऑडियंस तय करें

आपके प्रोडक्ट के हिसाब से आपकी टार्गेट ऑडियंस क्या है, इसे तय करें। एक बार यह तय करने के बाद उसी के मुताबिक प्लानिंग और प्रोडक्ट तैयार करें। ध्यान रखें कि टार्गेट ऑडियंस तय करते समय उन लोगों से बात भी करें कि वो क्या पसंद-नापसंद करते हैं। इससे आपकी योजना प्रभावी बनाई जा सकेगी। टार्गेट ऑडियंस की पसंद-नापसंद को ध्यान में रखने से आप उनके लिए बेस्ट गिफ्ट्स का सलेक्शन कर पाएंगे। अगर आपके पास गिफ्ट का कोई अच्छा आइडिया है, पर उसकी टार्गेट ऑडियंस का सही तरह से चुनाव नहीं किया गया है, तो आपका आइडिया फ्लॉप भी हो सकता है।

### कस्टमाइज गिफ्ट्स सबकी पसंद

इन दिनों कस्टमाइज गिफ्ट्स का कल्चर तेजी से बढ़ रहा है। कंपनी चाहती है कि उनके कर्मचारी और कंपनी की सोच के मुताबिक तोहफे तैयार हों। जिस पर कंपनी की मुहर, कर्मचारी का नाम और उनकी प्रोफाइल के मुताबिक चीजें शामिल हों। इसलिए जब कंपनी को डील ऑफर करें तो अपनी प्लानिंग के साथ उनकी जरूरत के मुताबिक कस्टमाइज गिफ्ट्स सजेस्ट करें। आपको ऐसे गिफ्ट्स की प्लानिंग करनी चाहिए, जो हर आयु वर्ग के लोगों को पसंद आएं। इसके लिए आपको हर सेग्मेंट में पूरी रिसर्च करना बहुत जरूरी है।

### मार्केट रिसर्च है जरूरी

कई कंपनियां कस्टमाइज गिफ्ट्स तैयार करती हैं। इसलिए मार्केट में पहले रिसर्च करें और फिर कदम उठाएं। रिसर्च के बाद इकट्ठा हुई जानकारी के बाद अपनी योजना बनाएंगे, तो वह ज्यादा असरदार साबित होगी।

# वाइ-फाइ राउटर खरीदने से पहले ये फीचर्स देखें

इंटरनेट राउटर घर या कार्यालय नेटवर्क का सबसे अहम हिस्सा है। अगर नया वाइ-फाइ राउटर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो उसमें ये खूबियां जरूर देखनी चाहिए–

### वाइ-फाइ 6इ का सपोर्ट

ज्यादातर राउटर 2.4 गीगाहर्ट्ज और 5गीगाहर्ट्ज दोनों चैनल को सपोर्ट करते हैं। नया राउटर खरीद रहे हैं, तो वाइ-फाइ 6इ का सपोर्ट करने वाला राउटर लें। यह 6गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को सपोर्ट करता है। इससे अच्छी स्पीड और स्टेबल कनेक्शन मिलता है।

### न्यूनतम तीन इथरनेट पोर्ट

स्मार्ट टीवी में वायर्ड इथरनेट कनेक्शन बेहतर है। इससे टीवी पर 4के सामग्री स्ट्रीम करते समय बफरिंग नहीं होती है। वाइ-फाइ राउटर पर न्यूनतम तीन से चार इथरनेट पोर्ट होना जरूरी है।

### डब्ल्यूपीए3 सपोर्ट

2004 में लॉन्च किया गया डब्ल्यूपीए2 प्रोटोकॉल अब काफी हद तक अप्रचलित है। इसमें कई कमजोरियां और सुरक्षा समस्याएं हैं, खासकर यदि आप सार्वजनिक वाइ-फाइ का इस्तेमाल कर रहे हों। जबकि 2018 में आया डब्ल्यूपीए3 घर और वाणिज्यिक दोनों के लिए बेहतर है। यह डिवाइस और एक्सेस पॉइंट (आपका राउटर) के बीच बेहतर एन्क्रिप्शन देता है।

### पैरेंटल कंट्रोल

यदि घर में बच्चे हैं, तो राउटर पर पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स जरूरी है। इंटरनेट खतरनाक हो सकता है, और इसके खिलाफ बचाव अपने राउटर पर नियंत्रण है। पैरेंटल कंट्रोल से अपने हिसाब से वेबसाइट्स और सेवाओं को ब्लॉक कर सकते हैं। ध्यान रखें राउटर पर पैरेंटल कंट्रोल फीचर हो।

# क्या आपमें है एंटरप्रेन्योर बनने की स्किल्स!

**स्टार्टअप की सफलता या विफलता काफी हद तक आप पर निर्भर करती है। सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि आपको एंटरप्रेन्योर बनना चाहिए या नहीं। इसके लिए जरूरी कि आप अपनी आदतों पर गौर करें। खुद का आकलन करें। इससे आपको पता चलेगा कि किस दिशा में आपको जाना चाहिए...**



*अधिकतर सफल एंटरप्रेन्योर में कुछ खास बातें होती हैं। अक्सर हम उन्हें इग्नोर करते हैं। उन्हें पहचानने और जीवन में लागू करने की जरूरत है।*

### लाइटबल्ब मूमेंट

इस शब्द को स्टार्टअप की दुनिया में कामयाब लोगों के लिए काम में लिया जाता है। दरसअल लाइटबल्ब मूमेंट वह होता है, जब आप हमेशा किसी नए आइडिया के बारे में ना केवल सोचते रहते हैं अपितु उसे ड्रॉ भी करते हैं। इसके अलावा आपके चारों ओर क्या हो रहा है और उस परिस्थिति में आपका व्यवहार कैसा है, इस पर विचार करते हैं। आपके दिमाग में किस प्रकार के आइडिया आते हैं और उनका इस्तेमाल आप किसी भी प्रॉब्लम का सॉल्यूशन निकालने में कैसे करते हैं। यह सभी लाइटबल्ब

### क्या आप अच्छे वक्ता हैं

**बिजनेस** में कम्युनिकेशन की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। सोशल मीडिया पर आपकी उपस्थिति कितनी है यह आपकी रियल पर्सनेलिटी का पार्ट नहीं हो सकता है क्योंकि बिजनेस में आपकी रियल प्रजेंस सबसे अधिक प्रभाव डालती है। आप कितने अच्छे स्पीकर हैं और आपके शब्द लोगों को कितना आकर्षित करते हैं आदि बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### आप रूल ब्रेकर हैं?

रूल ब्रेकर वर्ड बुद्धिमान लोगों के लिए किया जाता है, जिन्होंने ना केवल अपने नजरिए से दुनिया को देखा अपितु उसमें कुछ हासिल भी किया। क्या आप खुद को उस दुनिया में रख पाते हैं? रूल ब्रेक करने के बाद हमेशा सफलता ही मिले यह जरूरी नहीं है, लेकिन क्या आपने कुछ ऐसा करने का प्रयास कभी किया है। क्योंकि एक सफल एंटरप्रेन्योर वही होता है जो लीक से अलग कुछ करने का प्रयास करे। बिजनेस में सफल होने के लिए प्रतिदिन नए आइडिया और उन्हें सफलतापूर्वक लागू करने की जरूरत होती है। आपके कई आइडियाज परफेक्ट हो सकते हैं और आपको सफलता मिल सकती है। इसलिए खुद पर विश्वास बनाए रखें और पूरे मन से अपना प्रयास करें।

### लक्ष्य निर्धारित करें

**किसी** भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण जरूरी होता है। यदि आप एक बेहतरीन योजनाकार हैं, तो बिजनेस में आपके लिए असीम संभावनाएं हैं। योजना और व्यवस्थित काम करना किसी भी एंटरप्रेन्योर के लिए जरूरी है। लक्ष्य पाने की सफलता दर अब तक आपके जीवन में कितनी रही है इस पर सोचने की जरूरत है। बिजनेस में सफल होने के लिए यह जानना जरूरी है कि लक्ष्य से दूर हुए बिना आप अपने काम को किस तरह जारी रखते हैं।

# क्रोमबुक खरीदने से पहले ध्यान दें...


अगर आप सादा, हल्का और सुरक्षित लैपटॉप चाहते हैं, तो क्रोमबुक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। लेकिन क्रोमबुक खरीदने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### गूगल इकोसिस्टम

क्रोमबुक गूगल के इकोसिस्टम पर निर्भर है। इसका मतलब है कि आपको जीमेल, गूगल ड्राइव और अन्य गूगल सेवाओं का नियमित रूप से इस्तेमाल करना होगा। अगर आप अन्य ईमेल सेवाओं या क्लाउड स्टोरेज का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको थोड़ी सी परेशानी हो सकती है।

### तेज इंटरनेट कनेक्शन

अधिकांश काम ऑनलाइन करते हैं। इसका मतलब है कि आपको तेज इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होगी। इंटरनेट धीमा है, तो क्रोमबुक का पूरा फायदा नहीं उठा पाएंगे।




### कुछ ऐप्स नहीं चलेंगे

क्रोमबुक पर सभी विंडोज या मैक ऐप्स काम नहीं करते हैं। आपको कुछ ऐप्स के लिए वैकल्पिक वेब ऐप्स या एंड्रॉयड ऐप्स ढूंढने होंगे। हालांकि वक्त के साथ उनके साथ परिचित हो जाएंगे और आपके सभी काम होने लगेंगे।

### बजट का ध्यान

सस्ता क्रोमबुक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करे, यह जरूरी नहीं! यदि अधिक शक्तिशाली क्रोमबुक चाहिए, तो आपको थोड़ा अधिक खर्च करने से हिचकिचाना नहीं चाहिए।

### सुरक्षा के मामले में बेहतरीन

क्रोमबुक बहुत सुरक्षित होते हैं। वे मैलवेयर और वायरस के प्रति अधिक प्रतिरोधी होते हैं। विंडोज पर मैलवेयर बहुत अधिक हैं और इस मामले में यह आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकते हैं।

### कुछ शर्तों के साथ गेमिंग

क्रोमबुक पर गेमिंग संभव है, लेकिन यह विंडोज पीसी जितना शक्तिशाली नहीं है। आप कुछ हल्के गेम या क्लाउड गेमिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कुछ ही मिनट में अपडेट

क्रोमबुक अपडेट बहुत तेज होते हैं। लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता। आमतौर पर अपडेट भी छोटे होते हैं।

# बहनों ने 20 हजार किलो चीड़ की सुइयों से बनाए हैंडीक्राफ्ट



**उत्तराखंड** की दो बहनें नूपुर और शारवरी चीड़ की सुइयों से हैंडीक्राफ्ट तैयार कर रही हैं, साथ ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने से भी बचा रही हैं। अपनी इस पहल के जरिए वे राज्य की 100 ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी दे रही हैं। दोनों ने मिलकर साल 2021 में इसकी शुरुआत की। उत्तराखंड में कई बार चीड़ की कांटेदार सुइयों के कारण जंगलों में आग भड़की और कई लोगों की मौत हुई। सरकार इनसे निपटने के लिए कोशिशें कर रही है। दोनों बहनों ने इसका समाधान खोजा और इनसे हैंडीक्राफ्ट तैयार करना शुरू किया और ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी दिया। इस तरह पेड़ से टूटकर गिरने वाली इन कांटेदार सुइयों का सही इस्तेमाल हो रहा है।

# जीमेल के नए जेमिनी-पावर्ड फीचर से मेल करना हुआ और आसान

गूगल अपने सभी प्लेटफॉर्म पर जेमिनी एआइ को शामिल कर रहा है। इसी को आगे बढ़ाते हुए अब आइफोन पर जीमेल यूजर्स के लिए जेमिनी-संचालित Q&A सुविधा शुरू की जा रही है, जो ईमेल ढूंढना और मैनेज करना काफी आसान बनाती है। कुछ वक्त तक यह सुविधा वेब और एंड्रॉयड स्मार्टफोन यूजर्स के लिए उपलब्ध थी। अब आइओएस यूजर भी जीमेल पर गूगल के इस नवीनतम एआइ इनोवेशन का आनंद ले सकते हैं।

### जीमेल Q&A कैसे काम करता है?

जीमेल की नवीनतम Q&A सुविधा जेमिनी को सीधे इनबॉक्स में शामिल करती है, जहां यह एआइ का इस्तेमाल करके तुरंत ईमेल का विश्लेषण, सर्च और ड्राफ्ट करता है। इसके अलावा इसे किसी विशिष्ट व्यक्ति से अनरीड यानी अपठित ईमेल ढूंढने या किसी ईवेंट या मीटिंग के बारे में विशिष्ट जानकारी वाले ईमेल की सर्च करने जैसे जरूरी सवाल पूछने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### जीमेल Q&A कैसे एक्सेस करें?

अगर आपके गूगल अकाउंट में जीमेल Q&A का एक्सेस अवेलेबल है, तो एंड्रॉयड और आइओएस दोनों डिवाइस पर ऊपरी दाएं कोने में जेमिनी लोगो दिखाई देगा। इस पर क्लिक करने से Q&A विंडो खुलेगी, जो यूजर्स को उनके इनबॉक्स में मौजूद ईमेल से संबंधित सवाल पूछने की अनुमति देती है, जिसमें नया ईमेल ड्राफ्ट करने का ऑप्शन भी है। वेब पर जीमेल यूजर्स साइड पैनल से भी इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# बन सकती हैं प्रोक्योरमेंट मैनेजर

यदि आपके अंदर विश्लेषण करने या निर्णय लेने की क्षमता है, तो आपके लिए फाइनेंस सेक्टर में प्रोक्योरमेंट मैनेजर बनने का विकल्प मौजूद है। उत्पादों या सेवाओं को कितने में खरीदना है, उस पर लागत क्या आएगी, इन सबका फैसला प्रोक्योरमेंट मैनेजर ही करता है। महिलाएं यह बखूबी कर सकती हैं।



**खरीदार के रूप में अपनी स्किल्स से आप कॅरियर बना सकती हैं।**

### काम की प्रकृति

एक प्रोक्योरमेंट मैनेजर को ऐसी प्रक्रियाएं लागू करनी होती हैं, जो दिन-प्रतिदिन के कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यावसायिक परेशानियों को दूर कर सकें। किसी भी संगठन में काम करते समय वह ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं से आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का चयन करता है। वह ग्राहकों और वेंडर्स को अपने कौशल से संतुष्ट करता है। बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में प्रोक्योरमेंट मैनेजर की खूब मांग है।

### जरूरी स्किल्स

प्रोक्योरमेंट मैनेजर बनने के लिए कॉन्फिडेंस होना जरूरी है। कम्युनिकेशन स्किल्स और काम को जिम्मेदारी के साथ करने का गुण होना चाहिए। कंपनियां उन्हें मौका देती हैं, जिन्होंने फाइनेंस, लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और परचेजिंग में स्नातक की डिग्री हासिल कर रखी हो।

# आवेदन करने के बाद रिक्रूटर जवाब नहीं दे, तो इन बातों पर गौर करें...

*जब आप अपना रेज्यूमे लोगों के साथ शेयर करते हैं, तो क्या आपके पास रिक्रूटमेंट एजेंसी से फोन आता है? कभी गौर किया है कि जॉब से जुड़े प्लेटफॉर्म पर सीवी अपडेट करने के बाद नौकरी का प्रस्ताव आया या नहीं? क्या कई बार आपके सब कुछ करने के बाद भी रिक्रूटर की तरफ से कोई रेस्पॉन्स नहीं मिलता। नौकरी के लिए रिक्रूटर पलटकर फोन क्यों नहीं करता? आइए जानते हैं...*

### आपने आवेदन किया?

कई बार रिक्रूटर के फोन का इंतजार करते रहते हैं, जबकि सच्चाई तो यह होती है कि आपने नौकरी के लिए सही तरह से आवेदन ही नहीं किया होता है। किसी सोशल नेटवर्क पर खुद को प्रस्तुत करने, पद के लिए खुद की रुचि प्रकट करने या मौखिक रूप से रिक्रूटर से सार्वजनिक प्रोफाइल स्वीकार करने का आग्रह कभी भी मायने नहीं रखता है। यदि जॉब का विज्ञापन प्रकाशित हुआ है तो ईमेल के आवेदन का रिकॉर्ड और रेज्यूमे की एक प्रति संभालकर रखनी चाहिए।

### अव्यवस्थित प्रक्रिया

हो सकता है कि आपने आवेदन की सही प्रक्रिया का पालन किया हो, पर हायरिंग मैनेजर आमतौर पर बहुत ज्यादा बोझ से दबे रहते हैं। ऐसे में इस बात की आशंका है कि आपका आवेदन रिक्रूटर तक सही तरह से न पहुंचा हो। इसलिए आपको रिक्रूटर से संपर्क में रहना चाहिए। आवेदन भेजने के दो दिन के अंदर उसकी प्राप्ति के बारे में जानकारी लेनी चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि जिस पद के लिए आवेदन किया है, रिक्रूटर तक उसकी जानकारी पहुंच जाए।



**आपको रिक्रूटर के काम करने के तरीके को समझना चाहिए। तभी आप सलेक्ट हो पाएंगे। कई बार गलत पद के लिए आवेदन करने या आपसे योग्य व्यक्ति के मौजूद होने के कारण आपको मौका नहीं मिलता है। लेकिन आपको प्रयास तो करते रहने चाहिए।**

### प्राथमिकताओं में बदलाव

कई बार उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया के बीच में ही कंपनी की प्राथमिकताओं में बदलाव आ जाता है और मौजूदा भर्ती को रोक दिया जाता है। ऐसे में हायरिंग मैनेजर के लिए इस बारे में बात करना मुश्किल हो जाता है। वह और आप दोनों अपना समय और प्रयास लगा चुके होते हैं। ऐसे में रिक्रूटर सीधे फोन करना बंद कर देता है। इससे आप स्थिति को समझ सकते हैं।

### चुने जाने के अवसर

आपको नौकरी के विवरण को सावधानी के साथ पढ़ना चाहिए। इच्छित योग्यताओं के बारे में सही तरह से विचार करना चाहिए और जांचना चाहिए कि क्या आप नौकरी के लिए आवेदन करने के योग्य हैं या नहीं। हो सकता है कि आप सॉफ्टवेयर डवलपर हों, लेकिन नौकरी में उन लोगों को प्राथमिकता दी जा रही हो, जो ई-कॉमर्स प्रोडक्ट कंपनी में काम कर चुके हों। ऐसे में अगर हायरिंग मैनेजर के पास पर्याप्त उम्मीदवार नहीं होंगे, तब आपको चुना जा सकता है।

### प्रतियोगिता बेहतर होती है

बाजार में कई योग्य प्रतियोगी होते हैं। कई बार प्रतियोगिता केवल इस बात की होती है कि अन्य प्रतियोगी के रेज्यूमे में आपके मुकाबले में बेहतर कार्यानुभव, कम वेतन और बेहतर ब्रांड का जिक्र होता है। इस कारण से आपको मौका नहीं मिल पाता है और अन्य व्यक्ति को चुन लिया जाता है।

# फुल टाइम से हाइब्रिड तक, महिलाओं को नौकरी देता है यह प्लेटफॉर्म

एक ऐसा प्लेटफॉर्म भी है, जो खासतौर पर महिलाओं के लिए बनाया गया है। यहां महिलाओं को सुविधा के मुताबिक, नौकरी मिलने का दावा किया गया है। इस प्लेटफॉर्म का नाम है- www.herkey.com। जॉब सेक्शन में वर्क फ्रॉम होम, हाइब्रिड, फुल टाइम और पार्ट टाइम जैसे विकल्प मिलते हैं। आप अपनी सुविधा के मुताबिक ऑप्शन चुन सकती हैं। विकल्प का चुनाव करने से पहले पूरी सावधानी से जानकारी पढ़ें।



### कंपनियों की लिस्टिंग

वेबसाइट पर टाटा ग्रुप से लेकर डायचे बैंक तक सैकड़ों कंपनियों की लिस्ट मिलेगी। आप अपनी योग्यता, स्किल और अनुभव के आधार पर आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा कई अन्य विकल्प भी प्लेटफॉर्म पर मिलते हैं।

### सेशंस उपलब्ध

**प्लेटफॉर्म** पर सेशन भी उपलब्ध कराए जाते हैं, जिसके जरिए महिलाओं को गाइड किया जाता है। जिसके जरिए विशेषज्ञ अपनी बात कहते हैं, महिलाओं को जागरूक करते हैं। इसके अलावा महिलाओं को स्किल बढ़ाने का मौका मिलता है।

# वाहन चालक को धूप में गर्मी से बचाता सिस्टम, बॉडी करता कूल

महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले सूफियान मोहम्मद हनीफ पटेल ने ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जो वाहन चालक को अधिक गर्मी से बचाता है। उन्होंने इस तरह का सिस्टम बनाया है कि जब गर्मी तेज होगी, तो दोपहिया वाहन चालक को गर्मी कम लगेगी। उनके इस प्रयोग को काफी सराहा गया है। इसके लिए उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइटेड माइंड चिल्ड्रन क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन अवॉर्ड 2023 दिया गया। इनोवेटिव माइंड सीरीज इसी पहल का हिस्सा है। सूफियान महाराष्ट्र के भुसावल के ताप्ती पब्लिक स्कूल में 8वीं के स्टूडेंट हैं।





### ऐसे काम करता है सिस्टम

**इस सिस्टम** को दोपहिया वाहन में लगाया गया है। इस सिस्टम में लगा कम्प्रेसर वाहन के इंजन से चलता है और कूलिंग प्रोसेस को शुरू करता है। यह गर्मी को सोखकर ठंडी हवा रिलीज करता है। यह ठंडी हवा वाहनचालक की जैकेट में पहुंचती है। इसमें सुरक्षा के तौर पर अलार्म और मोबाइल फोन सेफ्टी सिस्टम भी जोड़ा गया है।

**साभारः** हनीबी नेटवर्क विद सृष्टि एंड जीआइएएन

# जनपद में 01जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित होगा

**सिद्धि सरकार ब्यूरो अंसार हुसैन**

झांसी जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई, 2026 तक दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समीक्षा कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि अभियान की शतप्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए समस्त विभाग माइक्रोप्लान बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि परिणाम बेहतर मिलें।

जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास गंदा पानी एकत्र ना होने दें, अन्य को भी जागरूक करें। इसके साथ ही साथ साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखें, उन्होंने लोगों से अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आव्हान किया ताकि मलेरिया और डेंगू से अपना और परिवार का बचाव किया जा सके। उन्होंने जनमानस को जागरूक करते हुए कहा कि एनिमल बाइट पर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक उपचार कराना सुनिश्चित करें ताकि और अधिक नुकसान को बचाया जा सके।

उन्होने अभियान से जु? जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के आदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान व दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ अभियान की सफलता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने सहयोगी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अंतर विभागीय बैठक स्थानीय निकायों की संवेदीकरण बैठक ब्लाक स्तरीय ग्राम विकास अधिकारियों का संवेदीकरण ब्लॉक स्तर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुए अभियान को सफल बनाएं, उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों की विसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संचारी रोग से संबंधित अभियान को सफल बनाने की दृष्टिगत बताया कि इस बार फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री को विशेषकर खुले हुए खाद्य पदार्थ जैसे सड़े हुए फल सब्जी एवं असुरक्षित तरीके से तैयार किए जा रहे ताजा फलों गन्ने के जूस आदि पर प्रभावी नियंत्रण करने का कार्य संपादित किया जाएगा। बैठक में डीएम ने जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्रामों में फागिंग मशीन द्वारा सही ढंग से कार्य करने के निर्देश दिये, उन्होंने ग्राम प्रधानों को भी राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागी बनाते हुए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत के समस्त मजरों में फागिंग के साथ ही नालियों कि सफाई कराना सुनिश्चित करें।



बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ग्राम सभाओं में उथले हैंडपंपों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिह्नित किया जाना, क्योंकि एसे हैंड पंप का पानी पीने से भविष्य में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि खराब हैण्डपम्पों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया आई0ई0सी0 मद से कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराकर ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद में सुअरबा?ों की स्थिति खराब है इसे प्रत्येक मालिक से मिलकर उनको संवेदीकृत करें एंव छि?काव कार्य कराया जाए। ग्राम सभाओं में झा?ियों, तालाबों आदि की साफ -सफाई अभियान चलाकर की जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में हैण्ड वाश की जानकारी दी जाए तथा उनके परिवार को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक दस्तक अभियान को भी संचालित किया जाएगा। प्रतिदिन आशाओं के माध्यम से वीएचएनडी सत्रों पर संचारी रोग संबंधी बैठक, टीकाकरण, दिमागी बुखार केस की निगरानी, उपचार एवं रोगियों हेतु निःशुल्क 108/102 की व्यवस्था की जाये और मलेरिया विभाग द्वारा लार्वारोधी गतिविधियां चलाई जाये तथा आवश्यकतानुसार फागिंग करायी जाये। नगरीय निकायों द्वारा समस्त वार्डो में प्रतिदिन नाली, नालों की सफाई, कचरा निस्तारण फागिंग आदि कराने के साथ सभी वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूर्व की भांति सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और वार्डवासियों को संचारी रोग के बचाव के लिए घर व आस-पास सफाई रखने के प्रति जागरूक भी करें।

बैठक में उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग/छि?काव एवं गांवों में विशेष सफाई अभियान के दौरान गलियों, नालियों आदि की सफाई, झा?ियों की कटाई, संचारी रोग से बचाव हेतु ग्रामवासियों के साथ बैठक, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जाये तथा पशु पालन विभाग द्वारा सूकर पालकों का चिन्हींकरण कर आबादी से दूर स्थापित करने हेतु प्रेरित करना और पोल्ट्री व्यवसाय के लोगों को संचारी रोग से बचाव तथा सफाई आदि के बारे में सूचित/संवेदीकृत किया जाये।

जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारियों को ताकीद करते हुए कहा कि कार्य में किसी भी तरह की शिथिलता अथवा लापरवाही ना होने पाए इसे अवश्य सुनिश्चित किया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, सीएमओ डॉ0 शिशिर पुरी, एसीएमओ डॉ0 ए के जैन,डॉ राम बाबू,डॉ0 उत्सवराज, डॉ0 रमा कांत सहित समस्त एमओआईसी अन्य चिकित्सक, विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेतवा नदी में बने राख के टापू पर खेली गई फुटबॉल, लोगों ने जताया विरोध



**सिद्धि सरकार ब्यूरो अंसार हुसैन**

झांसी। बेतवा नदी में पारीछा थर्मल पावर प्लांट की राख से बने एक बड़े टापू पर रविवार को बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा और आसपास के गांवों के लोगों ने फुटबॉल खेलकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्षों से नदी और पारीछा बांध में राख जमा होने से नदी का स्वरूप बदल रहा है और जलाशय की क्षमता भी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश (राख) का निस्तारण करने के बजाय नदी में बहाई जा रही है। उनका कहना है कि राख का उपयोग सड़क निर्माण, ईंट-टाइल बनाने और अन्य कार्यों में होना चाहिए, लेकिन थर्मल प्लांट के उत्तरदाई अधिकारियों द्वार बड़ी मात्रा में राख बेतवा नदी में डाली जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कुछ समय पहले इसी तरह एक राख के टापू जिसका प्रतिकात्मक नाम ÷ मोदी रा? का टापू स्टेडियम पर क्रिकेट खेलकर विरोध दर्ज कराया गया था। इस बार उससे भी बड़े टापू को प्रतीकात्मक रूप से *÷योगी राख का टापू स्टेडियम÷ नाम देकर वहां फुटबॉल खेली गई । उनका कहना था कि टापू इतना बड़ा हो चुका है कि उस पर आराम से फुटबॉल खेली जा सकती है।

फुटबॉल खेलने के बाद बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय नाव के जरिए नदी के कई स्थानों से पानी के अंदर नदी के बीच में राख का जमाव दिखाया। उन्होंने कहा कि राख कितनी दूर तक फैली हुई है, इसका पता लगाने के लिए मशीनरी के द्वारा निरीक्षण करना होगा।

मोर्चा और ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि बेतवा नदी और पारीछा बांध में राख के जमाव की जांच कराई जाए तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि राख का दुष्प्रभाव नदी के जल, जलीय पारिस्थितिकी एवं प्राकृतिक स्वरूप के साथ-साथ आसपास के कृषि क्षेत्रों, भूजल स्रोतों और आबादी के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य मे यह संकट और गंभीर हो सकता है।

इस अवसर भानू सहाय, रघुराज शर्मा, वरूण अग्रवाल, रामजी सिंह पारीछा, गिरजा शंकर राय,प्रदीप झा, हनीफ खान, नरेंद्र कुशवाहा , नरेंद्र सिंह प्रजापति पारीक्षा, बीरेंद्र सिंह रैकवार , रंजीत सिंह पारीक्षा ,राजेश कुमार, नरेंद्र अहिरवार, बापू राजपूत, रघुवीर रैकवार, जितेन्द्र रैकवार, अखलेश अहिरवार, शिवा प्रजापति, हरी सिंह, शंभू सैन, मौशूर रैकवार, छोटू रैकवार, मनोज प्रजापति आदि उपस्थित रहे ।

## साइबर सेल द्वारा ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति के 1,53,000/- रुपये वापस कराए

**सिद्धि सरकार**
**ब्यूरो अंसार हुसैन**



झांसी साइबर संबंधी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु पुलिस महानिदेशक साइबर अपराध, उत्तर प्रदेश, लखनऊ विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोठ पुलिस एवं साइबर सेल झांसी द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 03.05.2026 को पीड़ित हरीदास महाराज के साथ ?1,53,000 की साइबर ठगी की घटना घटित हुई थी, जिसके संबंध में उनके द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी (ҫष्ट्य ह्श. 33105260102522)। सूचना प्राप्त होने पर साइबर सेल थाना मोठ पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संबंधित बैंक एवं अन्य आवश्यक माध्यमों से समन्वय स्थापित कर धनराशि को होल्ड कराया गया।साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर सेल एवं थाना मोठ पुलिस की तत्पर कार्रवाई, तकनीकी सहायता एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप साइबर ठगी की संपूर्ण धनराशि ?1,53,000 पीड़ित को वापस कराई गई।

धनराशि प्राप्त होने पर पीड़ित द्वारा झांसी पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बरामद कराने वाली पुलिस टीम
1. उ0नि0 रजनीकान्त
2. हे0का0 419 दीप तिवारी
3. का0 337 राहुल यादव
झांसी न्यूज 5

# झांसी का लुहारी गांव बना जल अर्पण ग्राम जल जीवन मिशन योजना का सबसे अधिक लाभ नारी शक्ति को मिल रहा : रश्मि आर्या विधायक मऊरानीपुर

सिद्धि सरकार ब्यूरो अंसार हुसैन

झांसी प्रदेश के हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू किए गए हर घर जल अभियान में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। झांसी के बंगरा ब्लॉक के ग्राम लुहारी में ÷जल अर्पण दिवस÷ कार्यक्रम के जरिए गांव में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की बागडोर ग्रामीणों को सौंप दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मा0 विधायक मऊरानीपुर डॉ रश्मि आर्य ने ग्राम प्रधान को जल कलश सौंपकर जल अर्पण दिवस की शुरूआत करते हुए कहा कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रदेश के 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई वाले गांवों में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपी जा रही है।

इस मौके पर मा0 विधायक मऊरानीपुर डॉ रश्मि आर्य ने कहा कि जल जीवन मिशन का सबसे बड़ा लाभ नारी शक्ति को मिला है। पहले महिलाओं को पानी की तलाश में दूर-दूर तक भटकना पड़ता था। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के इस दुख को समझा और आज गांव के हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक और जल शक्ति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव कमल किशोर सोन ने कहा कि पहले बुंदेलखंड में टैंकर और ट्रेन से पानी आता था। मगर आज घर-घर पाइप से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। इस जल की निरंतर सप्लाई हो, इसके लिए ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकनी होगी। जिससे उन्हें 24 घंटे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक जोगिंदर सिंह ने कहा कि अंडर ट्रेनी उन्हें हमीरपुर में पहली पोस्टिंग मिली थी। तब उन्होंने इस क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखा था। मगर आज हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। इसलिए इसे बचाने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों की है।



विधायक और अधिकारियों ने जांची पानी की गुणवत्ता- इस मौके पर विधायक रश्मि आर्य और भारत सरकार से आए अधिकारियों ने खुद गांव में घूमकर पानी की गुणवत्ता जांची। इसके बाद ग्राम लुहारी में दिए गए नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। साथ ही वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

स्कूली बच्चों प्रभात फेरी निकालकर दिया जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश- कार्यक्रम की शुरूआत से पहले स्थानीय स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर पूरे गांव को जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद बच्चों ने गांवों के नल कनेक्शन को राखी बांधकर जल बंधन कार्यक्रम किया। इसका मकसद जल संरक्षण के महत्व को समझाना था। बच्चों और ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प भी लिया।

एफटीके महिलाओं को सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित- पानी की गुणवत्ता जांचने वाली एफटीके महिलाओं को इस मौके पर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर गांव के बच्चों ने गाना गाकर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत छत्रपति शाहूजी महाराज को जेडीयू कार्यकर्ताओं ने किया नमन



बाँदा।जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के जिला कार्यालय इंदिरा नगर में शुक्रवार को महान समाज सुधारक, शिक्षा विद् एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने समाज के वंचित,शोषित,पिछड़े एवं गरीब वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।उन्होंने शिक्षा के प्रसार,सामाजिक समानता और आरक्षण जैसी जन कल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा देकर समाज में नई चेतना का संचार किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्श आज भी सामाजिक न्याय,समानता और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में जेडीयू महिला प्रकोष्ठ की पिंकी प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवींद्र नाथ गुप्ता,धर्मेंद्र कुमार वार्मर,जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता नगर विकास प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शाहू जी महाराज के आदर्शों पर चलने, सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने,शिक्षा का प्रसार करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और अधिकारों का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने मनाई छत्रपति शाहू जी महाराज की 152वीं जयंती



बाँदा।अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा,बांदा द्वारा शुक्रवार को कोल्हापुर रियासत के महान समाज सुधारक एवं प्रजावत्सल शासक छत्रपति शाहू जी महाराज की 152वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महासभा के प्रदेश सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन सिंह पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज सामाजिक न्याय के प्रणेता,दलितों पिछड़ों और वंचित वर्ग के सच्चे हितैषी थे।उन्होंने छुआछूत अंध विश्वास और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए तथा अंतरजातीय विवाह और प्रशासनिक समावेशिता को बढ़ावा दिया।उन्होंने सामाजिक गुलामी को राजनीतिक गुलामी से अधिक घातक बताया और समाज में समानता की मजबूत नींव रखी।किसान नेता दिनेश निरंजन ने कहा कि शाहू जी महाराज ने अपने राज्य में छुआछूत समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाए और स्वयं दलित समाज के व्यक्ति की दुकान पर चाय पीकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए चंद्रसेन सिंह पटेल ने बताया कि शाहू जी महाराज ने कोल्हापुर रियासत में पिछड़े एवं दलित वर्ग के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक पहल की।कार्यक्रम में अमितेन्द्र पटेल,हिमांशु पटेल आदर्श पटेल सहित अन्य लोगों ने छत्रपति शाहू जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत,शादी का सामान लेने जा रहे थे दोनों



बाँदा।मटौंध थाना क्षेत्र के गौरहार रोड स्थित चमरहा पुलिया के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपनी भांजी की शादी के लिए आवश्यक सामान खरीदने जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।सूचना मिलते ही मटौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया है,जबकि चालक मौके से फरार हो गया।उसकी तलाश की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 57 दिनों से जारी सेवा अभियान में राहगीरों को बांटी गई छबील



बाँदा।भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच जनपद में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा सेवा अभियान लगातार जारी है।जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं प्रशासनिक विभागों के सहयोग से पिछले 57 दिनों से शहर के विभिन्न स्थानों पर शीतल जल, छबील तथा अन्य शीतल खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।इसी क्रम में शुक्रवार को जजी चौराहे पर नगर पालिका परिषद, बांदा की ओर से दो दिवसीय छबील वितरण शिविर काआयोजन किया गया। शिविर में राहगीरों को शीतल पेयजल एवं छबील वितरित कर भीषण गर्मी से राहत प्रदान की गई।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा मालती बासू,अधिशासी अधिकारी श्रीचन्द्र चौधरी, समाजसेवी रामेंद्र शर्मा, सुनील सक्सेना,स्टेनो शाकिर अली,राजू शुक्ला,जेई तेजपाल सिंह, कैलाश,सफाई इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार,सभासद रामप्रसाद सोनी,अमित साहू,रामबिहारी साहू,लखनकुशवाहा (क्रांतिकारी),विश्व प्रकाश,देवेंद्र सिंह,प्रधान लिपिक केदारनाथ, जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।सभी ने राहगीरों को अपने हाथों से शीतल पेयजल एवं छबील वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।आयोजकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान आमजन को राहत पहुंचाना तथा जनसेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करना है।

# 30 जून को आईटीआई परिसर में लगेगा अप्रेंटिसशिप मेला,युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर




बाँदा।जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में 30 जून को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को सरकारी प्रतिष्ठानों तथा प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।प्रशासन के अनुसार मेले का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के साथ रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ना है।इसके माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को उद्योगों की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा जिससे उनके रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।मेले में इलेक्ट्रीशियन,वेल्डर,कारपेंटर सहित विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।संबंधित विभागों और प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित रहकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन करेंगे तथा अप्रेंटिसशिप से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराएंगे।प्रशासन ने जनपद के सभी पात्र प्रशिक्षार्थियों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेखों के साथ मेले में प्रतिभाग करने की अपील की है।अधिकारियों का कहना है कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उनके कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# छोटी-छोटी पुड़ियों में गांजा बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार,1.06 किलो गांजा बरामद



बाँदा।जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन ईगल÷ अभियान के तहत थाना जसपुरा पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके कब्जे से 1.06 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया है।थाना जसपुरा पुलिस ने 25/26 जून की रात गश्त और चेकिंग के दौरान बरेहटा खदान क्षेत्र से जगदीश पुत्र रामकृपाल,निवासी बरेहटा,थाना जसपुरा को गिरफ्तार किया।तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 60 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पुड़ियां बनाकर बरेहटा खदान में आने वाले ट्रक चालकों को अधिक कीमत पर बेचता था।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना जसपुरा में मुकदमा अपराध संख्या 97/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में अमारा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आकाश,कांस्टेबल गोरख प्रसाद तथा कांस्टेबल दीपक यादव शामिल रहे।

# कालपी नगर के पीताम्बर घाट पीलाघाट पर यमुना आरती में उमड़ा आस्था जनसैलाब

**भीषण गर्मी के बीच भीमसेनी निर्जला एकादशी पर किया श्रद्धालुओं ने दीपदान व यमुना पूजन**

**मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ के महन्त जमुना दास जी महाराज व गूदड स्थान के महन्त रविन्द्र अवस्थी की मौजूदगी में हुआ यमुना पूजन**

**पूर्व भाजपा विधायक डाक्टर अरूण मैहरोत्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया यमुना पूजन**

**भूरा सोनी की भजन मण्डली ने उपस्थित श्रोताओं को भजन सुनाकर किया भाव विभोर**

**श्याम पैलेस सांस्कृतिक मण्डल द्वारा किया गया प्रसाद वितरण**

**यमुना आरती के दौरान पुलिस व्यवस्था रही चाक चौबंद**



यमुना में दीपदान करते भक्तजन

हरिश्चंद्र दीक्षित बापू
रिपोर्टर कालपी

कालपी (जालौन)पवित्र यमुना नदी स्थित पीताम्बर घाट (पीलाघाट) में शुक्ल पक्ष की भीमसेनी निर्जला एकादशी पर आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ के महन्त जमुना दास जी महाराज की अगुवाई में बिठुर कानपुर से आये विद्वान पंडितों द्वारा मां यमुना का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया तथा महा आरती के साथ दीपदान व प्रसाद वितरण किया गया। गुरुवार को शुक्ल पक्ष की भीमसेनी निर्जला एकादशी पर मां प्रसादम सेवा न्यास व मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ के महन्त जमुना दास जी महाराज के सानिध्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशीय अध्यक्ष पूर्व विधायक डाक्टर अरुण मेहरोत्रा द्वारा सबसे पहले विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां यमुना का पूजन अर्चन किया तथा दूध से स्नान कराकर उन्हें लाल चुनरी ओढ़ाकर जगत के कल्याण की कामना की। यह पूरा पूजन कानपुर के बिठूर से पधारे आचार्य काली चरण जी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इसके उपरांत दिव्य एवं भव्य संगीतमय मां यमुना की आरती सम्पन्न हुई तथा बाद में मां यमुना में दीपादान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस दौरान आस्था का सैलाब देखने को मिला तथा श्याम पैलेस सांस्कृतिक मण्डल द्वारा समोसा,आम व पेठा,बूंदी,टाफी का प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर अनिल आचार्य,दीपक धवन,सन्दीप गुप्ता,राजू पाठक,हरिश्चन्द्र दीक्षित,प्रमोद प्रजापति,अरविन्द शर्मा,प्रेम कुमार गुप्ता,रामदत्त मोनस,शिव कुमार कनौडिया,पारस पुरवार,देवेन्द्र गुप्ता,ममता धवन,सुमन गुप्ता,डोली गुप्ता,रीतू कनौडिया,नीतू मिश्रा,अपेक्षा गुप्ता,अंशी धवन,ऊषा शुक्ला,बनिता,पूजा गुप्ता,मुरली,पियूष,प्रदीप तिवारी,कुलदीप शर्मा,रोहिणी शर्मा,अतुल शुक्ला,दिग्विजय सिंह,ऋषि पुरवार,आनन्द शर्मा,अपर्णा आनन्द शर्मा,संजय सविता,अरविन्द सोनी,यश गुप्ता,अंकित गुप्ता,सफल धवन,मंगल,राजेश गुप्ता,अतुल बड़ेरिया,कन्हैया मिश्रा,विवेक निगम,विजय गुप्ता,लाल गुप्ता,राधे चाचा,अमरीश अग्रवाल,राम सिंह सलौनिया आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# फिजूलखर्ची को रोकने में सामूहिक विवाहों की है अहम भूमिका - मूलचंद

**तीन नव युगल जोड़ों ने सातों जन्म साथ देने कसमें खाकर लिए फेरे**





माधौगढ़ (जालौन)सामूहिक विवाहों की अहम भूमिका है ऐसे आयोजन समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं तो वहीं दहेज जैसे दानव को हटाने में अग्रणी है यह बात क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने आनंद विकास समिति के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में में कहीं उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाहों को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी काम कर रहे हैं उन्होंने भी बेटियों के विवाह का जिम्मा लिया है अतिविशिष्ट अतिथि शीतल सिंह सेंगर समाजसेवी ने कहा कि समाज को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विसंगतियों से दूर हटकर नई सोच को स्वीकारें वहीं सर्व समाज के हित में सभी लोग खड़े हो उन्होंने कहा कि समाज को कुरीतियों से दूर हटाकर मुख्य धारा में जोड़ने की जरूरत है वहीं सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन फिजूलखर्ची ही नहीं दहेज जैसे पिशाच को मिटाने का काम करता है दैनिक आज टीम के वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा एडवोकेट अखिलेश सविता वरिष्ठ पत्रकार तहसील ब्यूरो मोनू शर्मा पत्रकार ने संयुक्त रूप कहा कि सामूहिक विवाह एक पुनीत कार्य है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए वहीं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के सार्थक प्रयास करने चाहिए उन्होंने कहा कि सभी पाल्यों को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाते हुए आगे बढ़ाने पर जोर दें सत्यम सिंह राजावत धीरज द्विवेदी अजीत बजाज ने कहा कि समाज को तरक्की के मार्ग पर लाने के शैक्षिक व्यवस्था ठीक कराने पर गौर करने की जरूरत है अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन शैलेन्द्र दोहरे दिनेश बौद्ध जूली और माया ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन अपव्यय को रोकने में सहायक है तो वहीं दहेज जैसे प्रथा को रूकावट मिलती है क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने दैनिक आज परिवार के रिपोर्टर रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा एडवोकेट अखिलेश सविता तहसील ब्यूरो मोनू शर्मा पत्रकार को सेहरा पहनाकर राधाकृष्ण का चित्र भेंटकर माल्यार्पण किया वहीं ग्रामीण पत्रकारिता की सराहना की इस मौके पर महेंद्र गौतम योगेन्द्र प्रजापति वेदप्रकाश सुमित कुमार तिवारी कपिल विनोद कुशवाहा समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट अखिलेश सविता ने किया आभार अरविंद कुमार सेंगर सदस्य जिला योजना समिति ने जताया

## कालपी(जालौन)एडिशनल एसपी ईशान सोनी क्षेत्राधिकारी राजेश कमल प्रभारी निरीक्षक कालपी अजय ब्रह्म तिवारी ने मोहर्रम के अवसर पर नगर में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया



हरिश्चंद्र दीक्षित बापू
रिपोर्टर कालपी

मोहर्रम के पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की लोगों से अपील की।

मोहर्रम के अवसर पर कर्बला में इस्लामी भाइयों ने मातम मना कर मोहर्रम को शांति पूर्ण ढंग से मनाया। मुस्लिम भाइयों ने 9 दिन तक मातम मना कर दसवे दिन ताजियों को दफनाया। तथा कर्बला में मोहम्मद साहब की याद में मेला लगाया गया। इस मौके पर शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन सक्रिय रहा अपर पुलिसअधीक्षक इंसान सोनी पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी राजेश कमल एवं प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल ग्रस्त कर शांति व्यवस्था को परखा।

# समाजवादी पार्टी के 220कालपी से संभावित प्रत्याशी हो सकते हैं पूर्व मंत्री श्री रामपाल


**जल्द करेंगे अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री घोषणा**



नेता श्री राम पाल

कुठौंद जालौन कालपी विधानसभा से इस बार समाजवादी पार्टी से पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राम पाल की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है वहीं पूर्व मंत्री के पिछले कार्यकाल को उठाकर देखा जाय जो कि कालपी विधानसभा से तीन बार विधायक चुने जा चुके है और सर्व समाज में अच्छी खासी मजबूत पकड़ मानी जा रही है और और कुछ महीने पहले कोंच में कार्यक्रम में आय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खुले मंच से नाम लेकर कहा था कि हमारे पूर्व मंत्री जी भी चुनाव जीत जाते और कालपी विधानसभा में पूर्व मंत्री श्री राम पाल डोर टू डोर संपर्क अभियान चला रहे है और समाजवादी पार्टी की सरकार में कराए गये विकास कार्यों को जनता के बीच बता रहे है जनता पुनः एक बार अपने नेता श्री राम पाल को जिताकर विधानसभा भेजना चाहती है

# डिवाइडर से टकराई बाइक, दो किशोर गंभीर रुप से घायल



कुठौंद जालौन। थाना कुठौंद क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे नैनापुर पौधशाला, मेंइटहा-कालपी मार्ग के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार शिवम पुत्र संतराम (18 वर्ष) एवं शिवम पुत्र परशुनाथ (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका हाल निवास ज्ञात नहीं हो पाया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार दोनों युवक औरैया जनपद से अपने घर लौट रहे थे। नैनापुर पौधशाला के पास वन चौकी के समीप पहुंचते ही बाइक चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई।चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका मेडिकल कॉलेज उरई में उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# सन्त–सतगुरु द्वारा बताए गए ध्वन्यात्मक नाम से मुक्ति–मोक्ष मिलता है और उनके द्वारा बताए गए वर्णात्मक नाम से दु:ख–तकलीफों में आराम मिलता है – बाबा उमाकान्त महाराज

**पांडवों ने जब कृष्ण से उनके साथ उनके धाम चलने की प्रार्थना की तब कृष्ण ने कहा,'सिवाय सतगुरु के और कोई भी आत्मा का कल्याण नहीं कर सकता है'**





समालखा (पानीपत), हरियाणा परम् पूज्य परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 25 जून 2026 के सतसंग में कहा कि महाभारत जब हो गई, तब कृष्ण ने कहा, ÷धर्म की स्थापना के लिए ही मैं आया था। अब हमारा समय पूरा हो रहा है, हमें जाना है।÷

तब पांडवों ने कहा, ÷महाराज, हमें भी साथ लेते चलिए।÷ कृष्ण बोले, ÷मैं तुम्हें नहीं ले जा सकता। तुम्हें योग-साधना करनी पड़ेगी, समर्थ गुरु को खोजकर नाम की कमाई करनी पड़ेगी, तभी तुम मेरा धाम भी देख सकते हो, ऊपर के लोकों को भी देख सकते हो और अपने निज घर भी पहुंच सकते हो, जहां से यह आत्मा उतरी है।÷

तब पांडव बोले, ÷महाराज! सारी जिंदगी तो हम आपके साथ लगे रहे। इसी उम्मीद में रहे कि जब आप चलोगे तो हमें भी साथ ले चलोगे, लेकिन अब आप आखिर में यह कह रहे हैं। अब इस उम्र में हम कहां से सतगुरु खोज पाएंगे और कहां से उनसे नाम लेकर उसकी कमाई कर पाएंगे? महाराज, हम पर दया करो।÷ तब कृष्ण ने उन्हें दो टूक जवाब दिया कि ÷सिवाय सतगुरु के और कोई भी आत्मा का कल्याण नहीं कर सकता है।÷

ध्वन्यात्मक नाम आदिकाल से चला आ रहा है और इसको वक्त गुरु के मुँह से सुनना जरूरी होता है

कहा गया,÷नाम रसायन पीजिये यही अवसर यही दाँव।

फिर पीछे पछताएगा जब चला चली होई जाव।।

सतगुरु द्वारा बताया गया नाम रसायन है। उस नाम की अगर कमाई हो जाए तो जिस चीज की इच्छा करो वही चीज हाजिर हो जाती है। लेकिन यह नाम है कौनसा? यह वह नाम है जो आदिकाल से चला आ रहा है और इसे %ध्वन्यात्मक नाम% कहते हैं। यह पांच नाम हैं और जब से यह धरती-आसमान बना तब से वही नाम है।

इस नाम के लिए कहा गया,

÷कोटि नाम संसार में ताते मुक्ति ना होय,

आदि नाम जो गुप्त जप बिरला समझे कोई÷

यह आदि नाम है, इसको गुप्त जपा जाता है और कैसे जपा जाता है इसको जो आज नामदान लेने के लिए आए हो आपको नामदान के वक्त बताऊंगा।

सन्त-सतगुरु जब इस नाम को बताते हैं तब जीवात्मा की मुक्ति होती है और जन्मने-मरने की पीड़ा से छुटकारा मिलता है। सन्त-सतगुरु हमेशा इस धरती पर रहते हैं और जब जाने लगते हैं तो किसी ना किसी को अधिकार देकर जाते हैं, शक्ति देकर के जाते हैं और उनके मुंह से जब नाम को सुना जाता है तभी वह फलदाई होता है और उसी से मुक्ति-मोक्ष मिलता है और उनके द्वारा बताए गए वर्णनात्मक नाम से दुःखों-तकलीफों में आराम मिलता है।

इस समय का वर्णात्मक नाम %जय गुरु देव% नाम है जो आपको आने वाले खराब समय से बचाएगा

वर्णनात्मक नाम किसे कहते हैं? जब-जब महापुरुष इस धरती पर आते हैं तब-तब वे एक नाम को जगाते हैं और उस नाम में ताकत आ जाती है। जैसे त्रेता में राम नाम में, द्वापर में कृष्ण नाम में शक्ति थी। कलयुग में कबीर साहब के समय सत साहेब नाम में, नानक जी के समय वाहे गुरु नाम में, शिव दयाल जी महाराज के समय राधा स्वामी नाम में शक्ति आई। इसी तरह %जय गुरु देव% नाम हमारे गुरु महाराज ने जगाया था। आज के समय में इस जय गुरु देव नाम में पूरी शक्ति भरी हुई है।

अगर आप विश्वास कर के इस नाम को मुसीबत में बोलोगे तो यह आपको बचाएगा और तब आपको पक्का विश्वास हो जाएगा। इस समय जगह-जगह देश-विदेश में जय गुरु देव अखण्ड नामध्वनि शिविर लगाने का अभियान चल रहा है। आप कोशिश करो कि ज्यादा से ज्यादा जगहों पर यह नामध्वनि हो जाए। यह नामध्वनि अगर हो जाएगी तो आने वाले खराब समय में लोगों को राहत मिल जाएगी। क्योंकि

÷आगे का समय विनाशकारी, बचे वही जो नाम अधारी÷

जिसके मुंह से नाम निकलेगा वही बचेगा। बाकी तो बस यह गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम जो 27, 28, 29 जुलाई को जयपुर में होने जा रहा है, इसको हो जाने दो तब आप देखना! कोहराम मचेगा, भगदड़ मचेगी। अभी आपने क्या तकलीफें देखी हैं? अगर एक मिनट में खुदा भगवान ना याद आ जाए तो कहना। इसीलिए जय गुरु देव नाम की ध्वनि बोलना है और लोगों को बुलवाना है।

# विदेश में शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को अब मिलेगा नि:शुल्क मार्गदर्शन और सहयोग

**जिला प्रशासन ने एडु एक्सेस संस्था से किया कोलेबोरेट**



सक्ती, // कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला प्रशासन और एडु एक्सेस संस्था ने कोलेबोरेट किया है। जिसके तहत अब जिले के ऐसे विद्यार्थी जो विदेशो में पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्हें नि: शुल्क मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन से प्राप्त जानकारी अनुसार विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत सक्ती जिला प्रशासन ने एडु एक्सेस संस्था के साथ सहयोग स्थापित किया है। जिससे विदेश में अध्ययन करने या विभिन्न विश्वविद्यालयों में आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को निःशुल्क मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को विदेशो के विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया, उपयुक्त विश्वविद्यालयों के चयन तथा आवेदन संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को सीवी तैयार करने, अपने बायोडाटा को प्रभावी बनाने तथा स्टेटमेंट ऑफ पर्पस (स्ह्क्क) एवं पर्सनल स्टेटमेंट लिखने के संबंध में भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया जाएगा। विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पर्सनल स्टेटमेंट अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसकी गुणवत्ता प्रवेश की संभावनाओं को काफी बढ़ा सकती है। श्री जैन ने बताया कि विदेशो में अध्ययन हेतु आवश्यक परीक्षाओं जैसे द्गश्वरुक्षस्, ढ्ढश्वरुञ्जस्, स् न्ञ्ज एवं त्रक्रश्व की तैयारी के संबंध में भी विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह सभी सेवाएं एडु एक्सेस संस्था द्वारा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़े विशेषज्ञ स्वयं ऑक्सफोर्ड जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और वे विद्यार्थियों को अपने अनुभवों के आधार पर मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप देंगे। जिला पंचायत सीईओ ने विद्यार्थियों से इस ऑपर्चूयुनिटी का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि इच्छुक छात्र जिला पंचायत से संपर्क कर इस पहल से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और बेहतर अवसरों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल अपना विकास कर सकते हैं, बल्कि अपने गांव, जिले, राज्य और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।




दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी मुद्रक प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड आजादपुरा ललितपुर उत्तर प्रदेश से छपरा कर 91 मसरा खुर्द ललितपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित संपादक अखिलेश कुमार चौबे
email id.siddhisarkar@ gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा )मो.न.. 9793 444 829 ,9044133894